इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 332 राजनांदगांव, शनिवार 25 अक्टूबर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसेगा पाकिस्तान! भारत के बाद अब अफगानिस्तान नकेल कसने को तैयार

काबुल। तालिबान के नेतृत्व वाली अफगानिस्तान सरकार ने पाकिस्तान को मिलने वाले पानी को नियंत्रित करने की तैयारी शुरू कर दी है। अफगानिस्तान के सर्वोच्च नेता मौलवी हिबातुल्लाह अखुंजदा ने कहा है कि कुनर नदी पर जल्द से जल्द बांध बनाया जाएगा। तालिबान सरकार की तरफ से यह फैसला उस समय लिया गया है जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुई लड़ाई में सैकड़ों लोग मारे गए थे। तालिबान के सूचना मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने देशी कंपनियों के साथ ही इस परियोजना के ठेके करने का निर्देश दिया है।

### क्यों महत्वपूर्ण है कुनर नदी?

कुनर नदी लगभग 480 किलोमीटर लंबी है और हिंदू कुश पर्वत से निकलकर पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मिलती है, जहां यह काबुल नदी में जुड़ती है।



काबुल नदी, जो बाद में सिंधु नदी में मिलती है, पाकिस्तान के लिए सिंचाई और जल आपूर्ति का मुख्य स्रोत है। अगर कुनर नदी का पानी कम हुआ, तो सिंधु नदी और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत पर भी असर पड़ेगा।

### भारत ने पाकिस्तान पर कसी नकेल

भारत ने अप्रैल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ सिंधु जल संधि को फिलहाल के लिए निलंबित कर दिया था। उसके बाद अफगानिस्तान ने भी पाकिस्तान के पानी पर नियंत्रण करने का कदम उठाया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच कोई औपचारिक जल-साझा समझौता नहीं है।

### भारत और अफगानिस्तान के बीच सहयोग

अफगान विदेश मंत्री एम आमिर खान मुत्ताकी हाल ही में भारत आए और भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिले। दोनों देशों ने हाइड्रोपावर और बांध परियोजनाओं में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। अफगान-भारत मित्रता (सलमा बांध), 2016 में भारत के 300 मिलियन डॉलर की मदद से बना, 42 मेगावॉट बिजली देता है और 75000 हेक्टेयर में सिंचाई करता है। शाहतूत बांध, काबुल नदी की सहायक नदी मैदन (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# युवाओं का सशक्तीकरण, एनडीए सरकार की प्राथमिकता, 51 हजार लोगों को पीएम मोदी ने दिया नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली। बिहार की चुनावी रैली में जाने से ऐन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर के 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र का वर्चुअल माध्यम से वितरण करते हुए कहा कि युवाओं का सशक्तीकरण भाजपा-एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। अब तक रोजगार मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक युवाओं को नियुक्ति का दावा करते हुए पीएम ने युवाओं को अपने अंदाज में प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। हम भारत के युवा सामर्थ्य को भारत



की बड़ी ताकत मानते हैं। देश के विभिन्न राज्यों में शुक्रवार को आयोजित 17वें पीएम रोजगार मेले का वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार रोशनी का त्योहार दीवाली आप सबके जीवन में नई रोशनी लेकर आया है। उत्सवों के बीच पक्की नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र मिलना यानी उत्सवों का उल्लास और सफलता की डबल खुशी। ये खुशी आज देश के 51 हजार से अधिक युवाओं को मिली है।

### पीएम मोदी ने समझाया नौकरी का महत्व

इस नौकरी का महत्व निवनियुक्तों को समझाते हुए कहा कि आपका ये उत्साह, परिश्रम करने की (शेष पृष्ठ 6 पर...)







# दूसरे देश की इच्छा के मुताबिक नहीं होगी डील, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बोले पीयूष गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर कोई जल्दी में नहीं है। भारत दूसरे देश की इच्छा के मुताबिक व्यापार समझौता नहीं करने वाला है।

जर्मनी में एक कार्यक्रम के दौरान गोयल ने कहा कि व्यापार समझौता आपसी विश्वास का मसला है और लंबे समय के पार्टनरशिप को ध्यान में रखकर व्यापार समझौता किया जाता है। उन्होंने कहा कि हम यूरोपीय यूनियन के साथ भी व्यापार समझौते पर वार्ता कर रहे है। अमेरिका के साथ भी व्यापार समझौते को लेकर हमारी वार्ता हो रही है, लेकिन हम किसी निर्धारित समय या बंदूक की नोक पर समझौता नहीं करते हैं।



### अमेरिका से बातचीत में नहीं आ रही कोई रुकावट

दूसरी तरफ, वाणिज्य मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के काफी नजदीक है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते के रास्ते में आने वाले अधिकतम मसलों को सुलझा लिया गया है। अब कुछ मसले ही सुलझाने रह गए हैं। सूत्रों का कहना है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बहुत ही सुगम तरीके से बातचीत चल रही है और वार्ता के दौरान कोई नई रुकावट नहीं आ रही है। सभी मुद्दों को वार्ता के दौरान कवर किया जा रहा है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर पांच चरण की वार्ता हो चुकी है। नवंबर में द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा करने का दोनों देशों ने लक्ष्य रखा था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने पद संभालने के बाद भारत से बीटीए करने का ऐलान किया था और उसके बाद दोनों देशों के बीच वार्ता शुरू हुई थी। वार्ता की प्रगति को देखते हुए नवंबर में बीटीए के पहले चरण के पूरा होने की पूरी उम्मीद की जा रही है। भारत ने अमेरिका से अधिक मात्रा में तेल खरीदारी का आश्वासन दे दिया है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# टैक्सपेयर्स के साथ इज्जत से पेश आएं, निर्मला सीतारमण ने जीएसटी विभाग को दिया निर्देश

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर व सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को टैक्सपेयर्स के साथ आदर के साथ पेश आना चाहिए। टैक्सपेयर्स राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देते हैं। अगर टैक्सपेयर्स के बीच कोई गलत है तो उसे पकड़ने के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत काम करना चाहिए, लेकिन जीएसटी अधिकारियों व कर्मचारियों को सभी टैक्सपेयर्स को संदेह की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए।

शक्रवार को गाजियाबाद में सीजीएसटी भवन के उद्घाटन अवसर पर सीतारमण ने कहा कि सीबीआईसी को इस सोच के साथ काम करना चाहिए कि गलत किया तो खैर नहीं, सही किया तो कोई बैर नहीं।



### वित्त मंत्री ने जीएसटी विभाग को दिया सुझाव

उन्होंने कहा कि टैक्सपेयर्स की आसानी के लिए जीएसटी विभाग को अधिकाधिक टेक्नोलॉजी की मदद से प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ पारदर्शिता को बढ़ाना चाहिए। विभाग की तरफ से गलत करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ समय पर की गई कार्रवाई यह दर्शाता है कि टैक्सपेयर्स के प्रति किसी के भी अनुचित व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई को लंबा खींचने पर उस अधिकारी की छवि शक के घेरे में आती है खासकर जो ईमानदार अधिकारी है, उन्हें इससे नुकसान होता है। वहीं जो दोषी है, उनके खिलाफ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मुशर्रफ ने अमेरिका के हाथों में सौंप दिए थे परमाणु हथियार, पूर्व सीआईए अधिकारी का बड़ा दावा

वॉशिंगटन। अमेरिकी खुफिया एजेंसी, सीआईए के एक पूर्व अधिकारी ने चौंकाने वाला दावा किया है। एएनआई से बातचीत में पूर्व सीआईए अधिकारी जॉन किरियाकू ने एक सवाल, पाकिस्तान में परमाणु हथियारों के आतंकवादियों के हाथों में जाने के डर, के जवाब में कहा कि %जब मैं 2002 में पाकिस्तान में तैनात था, तो मुझे अनौपचारिक रूप से बताया गया था कि पेंटागन पाकिस्तानी परमाणु शस्त्रागार को नियंत्रित करता है, और परवेज मुशर्रफ ने नियंत्रण संयुक्त राज्य अमेरिका को सौंप दिया है क्योंकि उन्हें ठीक इसी बात का डर था।



### अमेरिका ने मुशर्रफ को खरीद लिया था

पूर्व सीआईए अधिकारी जॉन किरियाकू ने हाल ही में बताया कि अमेरिका ने पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ के साथ इतना करीबी रिश्ता बनाया कि सचमुच उसे खरीद लिया गया। किरियाकू के अनुसार अमेरिका ने पाकिस्तान को लाखों डॉलर की मदद दी, चाहे वह सैन्य मदद हो या आर्थिक विकास के लिए, और मुशर्रफ ने अमेरिका को पूरी आजादी दी कि वे अपने काम कर सकें। किरियाकू ने बताया कि पाकिस्तान उस समय व्यापक भ्रष्टाचार की चपेट में था। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो दुबई में आलीशान जीवन जीती थीं, जबकि आम लोग भूखे मर रहे थे। मुशर्रफ सेना को खुश रखने के लिए अमेरिका के साथ आतंकवाद विरोधी सहयोग का ढोंग करता था, जबकि गुप्त रूप से भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियां जारी रहती थीं।

### 2001 के हमले के बाद युद्ध की कगार पर थे भारत-पाकिस्तान

उन्होंने 2001-02 के दौर का भी जिक्र किया, जब भारत-पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे और दिसंबर 2001 में संसद हमले जैसी घटनाएं हुई। किरियाकू ने कहा कि पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता आम जनता पर असर डालती है। विरोध-प्रदर्शनों में लोगों की मौतें और राजनेताओं पर हमले आम थे। किरियाकू के अनुसार, पाकिस्तान के राजनेता जनता की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं देते। उन्होंने कहा, ये वही नेता हैं, जिनके साथ पाकिस्तानी जनता को जीना पड़ता है। जब उनसे पूछा गया कि क्या अल कायदा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# चार एसपी समेत 7 अफसरों के तबादले: प्रफुल्ल ठाकुर सक्ती, अंकिता शर्मा राजनांदगांव एसपी बनाई गई



रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने सात आईपीएस अफसरों को नई पदस्थापना दी है। इनमें 4 जिलों के एसपी भी शामिल हैं। राजनांदगांव एसपी मोहित गर्ग को एआईजी बनाकर पुलिस मुख्यालय भेजा गया है।

वहीं सक्ती, कोंडागांव और मनेंद्रगढ़, चिरमिरी-भरतपुर एसपी को हटाया गया है। अंकिता शर्मा सक्ती से राजनांदगांव भेजी गई हैं।

सूची के मुताबिक, मोहित गर्ग सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाकर पीएचक्यू भेजे गए हैं। चंद्रमोहन सिंह को निदेशक आपातकालीन सेवाएं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अंकिता शर्मा सक्ति की जगह राजनांदगांव की पुलिस अधीक्षक होंगी। यदुवली अक्षय सिदार सहायक पुलिस महानिरीक्षक बनाए गए हैं।

रतना सिंह को पुलिस अधीक्षक मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रफुल्ल ठाकुर को पुलिस अधीक्षक सक्ति की जिम्मेदारी दी गई है। पंकज चंद्रा कोंडागांव के पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं।

# जम्मू-कश्मीर: राज्यसभा चुनाव के नतीजे आए, नेशनल कॉन्फ्रेंस को 3, बीजेपी को एक सीट पर जीत

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर में राज्यसभा की चार सीटों पर हुए चुनाव के नतीजों का ऐलान हो गया है. चार में से तीन सीटों पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है जबकि चौथी सीट बीजेपी ने जीती है.

नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान, सज्जाद अहमद किचलू और शमी ओबेरॉय चुनाव जीते हैं जबकि चौथी सीट पर बीजेपी के सत शर्मा की जीत हुई है. सत शर्मा को 32 वोट मिले हैं. सत शर्मा मौजूदा समय में जम्मू कश्मीर बीजेपी के अध्यक्ष हैं.



पार्टी बयान के मुताबिक, नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान ने जीत दर्ज की है. उन्हें 58 वोट मिले. नेशनल कॉन्फ्रेंस के चौधरी मोहम्मद रमजान का मुकाबला बीजेपी के अली मोहम्मद मीर से था. दूसरी सीट पर एनसी के सज्जाद अहमद किचलू का मुकाबला बीजेपी के राकेश महाजन से था. चुनाव में कांग्रेस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने भी नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन किया था.

मालूम हो कि फारुख अब्दुल्ला और उमर अब्दुल्ला विजयी उम्मीदवारों को बधाई देने के लिए जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मौजूद हैं. चारों राज्यसभा सीटों पर नतीजों के ऐलान के बाद उमर अब्दुल्ला श्रीनगर में मीडिया को संबोधित करेंगे. जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्लाह ने राज्यसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवारों क बधाई देते हुए कहा कि मेरे सहयोगियों चौधरी मोहम्मद रमजान साहब, सज्जाद किचलू और शमी ओबेरॉय को राज्यसभा चुनाव में उनकी जीत पर हार्दिक बधाई. वे संसद में जम्मू कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व करने की नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं. इसके लिए बधाई.

बता दें कि राज्यसभा की कुल चार सीटों के लिए चुनाव आयोग ने तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की थीं. इनमें दो सीटों पर अलग-अलग मतदान हुआ, जबकि बाकी दो सीटों पर सामान्य अधिसूचना के तहत चुनाव कराए गए. बता दें कि इन चारों सीट पर शुक्रवार को ही चुनाव हुआ था.

# बस्तर ओलंपिक 2025: आत्मसमर्पित नक्सली भी दिखाएंगे खेल प्रतिभा, अरुण साव बोले- करीब चार लाख खिलाड़ी लेंगे भाग

रायपुर। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बस्तर ओलंपिक-2025 को लेकर रायपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। उन्होंने बताया कि बस्तर की खेल प्रतिभा को नेशनल लेवल पर लाने के लिये यह आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिये बस्तर संभाग के सात जिलों से तीन लाख 91 हजार 297 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। पिछले साल 1 लाख 62 हजार खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया था। विकासखंड स्तरीय मुकाबले 25 अक्टूबर से 5 नवंबर तक आयोजित किये जाएंगे। इसके बाद जिला स्तर पर फिर संभाग स्तरीय खेल होंगे। अलग-अलग खेलों के फाइनल मैच होंगे। बड़ी और खास बात ये है कि इस आयोजन में आत्मसमर्पित नक्सली भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। डिप्टी सीएम साव ने कहा कि बस्तर




ओलंपिक का यह दूसरा साल है। बस्तर ओलंपिक के व्यापक और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं समय से पहले सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। बस्तर ओलंपिक की ख्याति पूरे देश में है, यह मात्र क्षेत्रीय आयोजन नहीं है।

### होंगी ये खेल स्पर्धायें

इस बार एथलेटिक्स में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर,, लम्बी कूद, ऊंची कूद, शॉटपुट, डिस्कस-थ्रो, जैवलिन-थ्रो, 4X100 मीटर रिले रेस गेम होंगे। साथ ही तीरंदाजी, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, कराटे, वॉलीबॉल और महिला सीनियर वर्ग के लिए रस्साकसी सहित जिला स्तर पर हॉकी और वेट लिफ्टिंग की स्पर्धाएं भी होंगी। जूनियर वर्ग में बालक, बालिकाओं व सीनियर वर्ग में महिला और पुरुषों के लिए प्रतियोगिताएं होंगी। इससे न केवल आधुनिक खेलों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय परंपरा से जुड़े खिलाड़ियों को भी मंच मिल सकेगा।

### जानें क्या है पुरस्कार

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में बस्तर ओलंपिक का जिक्र किया था, जो हमारे लिए गौरव की बात है। बस्तर के युवाओं को मंच देने के लिए बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। विजेताओं को खेल आकादमी में प्रवेश दिया जाता है।

विजयी प्रतिभागियों को जिला और संभाग स्तर पर नगद पुरस्कार, मेडल, ट्रॉफी और शील्ड दिये जाते हैं। नगद राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये खिलाड़ियों के बैंक खाते में जमा कराई जाती है। संभागीय स्तर के विजेता खिलाड़ियों को बस्तर यूथ आइकॉन के रूप में प्रचारित किया जाएगा। यह 'स्पोर्ट्स फॉर पीस' मॉडल बस्तर में नई सामाजिक चेतना का प्रतीक बनेगा।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा पर अमल

## प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और बड़ा कदम, 5000 शिक्षक भर्ती का मार्ग हुआ प्रशस्त

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य शासन के वित्त विभाग ने आज 5000 शिक्षकों के पदों पर भर्ती की सहमति प्रदान कर दी है। यह निर्णय मुख्यमंत्री श्री साय की उस घोषणा के अनुरूप है, जिसमें उन्होंने प्रदेश के शैक्षणिक ढांचे को मज़बूत बनाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा किसी भी राज्य की प्रगति की नींव होती है और छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य है कि, हर बच्चे तक ज्ञान और अवसर दोनों पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह भर्ती न केवल शिक्षण व्यवस्था को गति देगी बल्कि युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर भी सृजित करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने वित्त विभाग द्वारा दी गई सहमति को 'नए छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम' बताया। 5000 पदों हेतु शिक्षा विभाग शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करेगा। इन पदों की पूर्ति से ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में शिक्षकों की कमी काफी हद तक दूर होगी, जिससे शिक्षण की निरंतरता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

राज्य शासन ने पिछले कुछ महीनों में शिक्षा सुधार से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। विद्यालय भवनों के निर्माण, डिजिटल शिक्षा सामग्री के प्रसार, और शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।



प्रदेश में शिक्षकों की कमी लंबे समय से एक प्रमुख चुनौती रही है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों में विषयवार शिक्षकों की उपलब्धता सीमित थी। नई भर्ती से इन क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे बच्चों को अब अपने ही गाँव और क्षेत्र में बेहतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, यह पहल प्रदेश में शिक्षण के स्तर को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाने में सहायक सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वांगीण विकास का आधार मानते हुए लगातार निवेश कर रही है। स्कूल इन्फ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण से लेकर छात्रवृत्ति, मध्याह्न भोजन और छात्र हितैषी योजनाओं तक, सरकार का फोकस हर स्तर पर शिक्षा के दायरे को व्यापक बनाना है। शिक्षकों की यह नई भर्ती उसी दीर्घकालिक दृष्टि का हिस्सा है, जो 'विकसित छत्तीसगढ़' के विज़न को साकार करने की दिशा में अग्रसर है। इस निर्णय से जहाँ शिक्षा प्रणाली को नई ऊर्जा मिलेगी, वहीं हजारों युवाओं के सपनों को साकार करने का मार्ग भी खुलेगा। यह पहल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पहला कॉलम...

### अशोक चौधरी व ऋषि देव चौधरी ने छठ पर्व की दी बधाई



राजनांदगांव(दावा)। यूपी-बिहारवासियों का सूर्योपासना की महत्वपूर्ण त्योहार छठ पर्व की चारों ओर उल्लास और उत्साह को देखते हुए शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी अशोक चौधरी एवं उनके सुपुत्र युवा भाजपा नेता व जिला भाजपा मंत्री ऋषिदेव चौधरी 'बउवा' ने सबको छठ पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शहर के नए बस स्टैंड समीप स्थित श्री राम जानकी मिथिलाधाम व श्री गणेश मंदिर के प्रमुख अशोक चौधरी ने आज से चार दिनों तक मोती तालाब में संपन्न होने वाले सूर्योपासना के चार दिवसीय महापर्व छठ पर्व में शामिल होने के लिए लोगों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

### बजरंगपुर नवागांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गौरा-गौरी उत्सव



राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवागांव में गौरा-गौरी उत्सव को हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। यह उत्सव विशेष रूप से गोंड समाज द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**लक्ष्मी पूजा की रात शुरू हुआ पर्व**

उत्सव की शुरुआत लक्ष्मी पूजा की रात्रि में हुई। जहां सबसे पहले मिट्टी का पिल्ली बनाया गया। इसके बाद पारंपरिक विधि से कलश परघाया गया। परघाने के उपरांत कलश को गौराचौरा में रखकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई और रातभर गौरा-गौरी गीत गाए गए। अगले दिन सुबह, ढोल-बाजे और गाजे-बाजे के साथ विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। वार्डवासियों ने उत्साहपूर्वक इस यात्रा में भाग लिया और गौरा-गौरी की प्रतिमाओं को शीतला तालाब में विसर्जित किया।

### आज धान खरीदी के संबंध में बैठक सह प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में 25 अक्टूबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दो पालियों में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान उपार्जन के सफल क्रियान्वयन हेतु बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रथम पाली सुबह 10 बजे राजनांदगांव एवं डोंगरगांव विकासखंड तथा द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे छुरिया एवं डोंगरगढ़ विकासखंड के संबंधित अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे।

### आज आदर्श ग्राम सुरगी में मंडई मेला

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री के आदर्श ग्राम सुरगी में आज 25 अक्टूबर को मंडई मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम में दिनभर विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रात्रिकालीन समय में लोगों के मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी 'राधा-कृष्ण नाचा पार्टी' ग्राम दुर्रे बंजारी का विशेष प्रदर्शन रखा गया है। ग्रामीण जनों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### सुखदेव साहू का निधन



राजनांदगांव (दावा)। विद्युत मंडल के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं तुलसीपुर निवासी सुखदेव साहू (83 वर्ष) का निधन हो गया। मोतीपुर मुक्तिधाम में आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री साहू अपने पीछे दो पुत्रों सुरेश-महेन्द्र साहू एवं दो पुत्रियां सुनीता साहू व अनिता साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। सुखदेव साहू, सहायक कोषालय अधिकारी के. एल. साहू एवं व्याख्याता सुनीता साहू के ससुर थे। निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, रिटायर्ड कोषालय अधिकारी श्री बंसोड़ सहित कई गणमान्य नागरिकों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर श्री साहू के निधन पर दुख व्यक्त किया।

### युवा व्यवसायी नरेश पिंजानी का निधन



खैरागढ़ (दावा)। युवा व्यवसायी, निहाल डेली निड्स राजीव चौक के संचालक, बरेठपारा निवासी नरेश पिंजानी पिता सुमन दास पिंजानी उम्र 47 वर्ष का शुक्रवार की शाम 4 बजे रायपुर स्थित मेकाहारा हास्पिटल में निधन हो गया, वे कुछ महिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार 25 अक्टूबर की सुबह 11:30 बजे बरेठपारा निवास स्थान से निकलेगी और बरेठपारा स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे संजय पिंजानी के बड़े भाई व निहाल पिंजानी के पिता थे। उनके निधन से सिंधी समाज में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।




# समिति प्रबंधकों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन, नारे लगाकर की आवाजें बुलंद

## मांगे पूरी नहीं होने पर धान खरीदी का करेंगे बहिष्कार, 3 नवंबर से जाएंगे अनिश्चितकालिन हड़ताल पर



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के समीप धरना प्रदर्शन का आयोजन कर अपनी 4 सूत्रीय मांगों के संदर्भ में आवाज बुलंद की और राज्य शासन के विभिन्न मंत्रियों के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिला अध्यक्ष किसुन लाल देवांगन ने बताया कि उक्त आंदोलन के अगले क्रम में 28 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय हूंकार रैली निकाली जाएगी और ज्ञापन सौंपा जाएगा इसके अगले क्रम में 3 नवंबर से 11 नवंबर तक संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन जो कि 12 नवंबर से उनकी 4 सूत्रीय लंबित जायज मांग की पूर्ति हेतु छ0ग0 शासन केबिनेट के निर्णय तक जारी रहेगा।

**धान खरीदी का किया जाएगा बहिष्कार**

बताया गया कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तो प्रदेश सरकार द्वारा इस साल किसानों से 15 नवंबर से की जाने वाली धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस खरीदी वर्ष में सरकार द्वारा धान की सूखत व भुगतान जैसी समस्या से निपटने समिति प्रबंधकों के उपर मानिटरिंग अफसर बिठाने की व्यवस्था की गई है। इससे समिति प्रबंधकों में खासी नाराजगी देखने में आ रही है। प्रबंधकों का कहना है कि एक तो सरकार उनकी सूखत व अन्य मांगों को ले-दे कर मानी है और पूरा करने का लिखित में आश्वासन दिया है। जो मांगे अब तक पूरी नहीं हुई है और नए खरीदी सत्र में हमारे उपर अफसर बिठाने की व्यवस्था कर दी गई है। उनका कहना है कि राज्य शासन की इस व्यवस्था पर भी वे राजी है पर इस नई व्यवस्था में अफसर महोदय को धान खरीदी से लेकर अंतिम तक की जिम्मेदारी दी जाए। खरीदी कार्य शुरू से अंतिम तक उनके ही चार्ज हो।? इससे कम से कम प्रबंधको को थोड़ी राहत मिलेगी। उक्त समय का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा सकेगा। नहीं तो मानिटरिंग अफसरों की गलती की जिम्मेदारी प्रबंधकों पर डाल दिए जाने से फिर वही ढांक की तीन पात वाली स्थिति आन पड़ेगी। बहरहाल समिति प्रबंधकों द्वारा शासन की इस नई व्यवस्था को समिति प्रबंधक आधे- अधूरे मन से स्वीकार कर रहे हैं लेकिन अपनी मांगों के संबंध में जो कि अभी तक पूरा नहीं हुआ है,प्रदेश सरकार से अपनी लड़ाई जारी रखते हुए आगामी 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं।

**धान खरीदी की नीति में बदलाव से नाराजगी**

बता दें कि इस साल धान खरीदी नीति में राज्य शासन द्वारा व्यापक पैमाने पर बदलाव किया गया है। शुरू से लेकर आखिरी तक पूरी धान खरीदी कलेक्टर द्वारा नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी की निगरानी में होगी। इस आदेश से समिति प्रबंधकों में हड़कंप मच गया है। और प्रबंधन इसके विरोध में उतर आए हैं। प्रबंधकों के अलावा डाटा एंट्री ऑपरेटरों के पल को भी आउट सोर्सिंग से भरे जाने के निर्देश दे दिए गए हैं। जिसके चलते डाटा एंट्री ऑपरेटरों में भी जमकर नाराजगी सामने आ रही है। उनका कहना है कि विगत कई सालों से उनके द्वारा धान खरीदी कार्य संपन्न कराई जा रही है। ऐसे में काम छोड़ने के लिए वे कतई राजी नहीं है।शासन की इस नई नीति से अब समिति प्रबंधकों से लेकर डाटा एंट्री ऑपरेटर भी अनिश्चितकालीन हड़ताल में सामने आ गए हैं। संघ द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि उनकी 4 सुत्रीय खाद्य विभाग व सहकारिता विभाग की मांगे शीघ्र ही छ0ग0 शासन के केबिनेट की बैठक में मुहर लगा कर सहकारी समितियों के लगभग 15 हजार कर्मचारियों एवं 2739 उपार्जन केंद्रों के संविदा कर्मचारी कम्प्यूटर आपरेटरों के भविष्य की ओर ध्यान रखेंगे नहीं तो छत्तीसगढ़ सहकारी समिति एवं कर्मचारी संघ द्वारा 15 नवंबर से प्रारंभ होने वाले धान खरीदी का बहिष्कार किया जाएगा साथ ही उक्त हेतु संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल का रुख अख्तियार करने बाध्य हो जाएगा।

## लालबाग पुलिस ने डकैती के प्रयास करने वालों को धर दबोचा



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने थाना प्रभारी राजेश साहू के नेतृत्व में शराब पीने के लिए पैसो की मांग कर डकैती का प्रयास करने तथा धारदार चाकू से हमला करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त धारदार चाकू व एक नग मोटर सायकल एवं मोबाईल को जब्त कर लिया है। लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि उक्त आरोपियों की सीसीटीवी कैमरे के आधार पर पहचान कर गिरफ्तारी की गई है और 4 आरोपियों सहित 2 विधि से संघर्षरत अपचारी बालकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

घटना के संबंध में पूरी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि प्रार्थी मुकेश साहू पिता स्व.लेखराम साहू उम्र 32 साल निवासी ग्राम जंगलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 अक्टूबर को अपने साथियों जागेश्वर साहू, निक्कु साहू, भागीरथी साहू, महेन्द्र साहू के साथ ई रिक्शा में बैठकर जंगलपुर से एबीस ग्रीन होटल में काम करने राजनांदगांव जा रहे थे कि, रेवाडीह नया शराब भटटी बाईपास रोड के पास ई रिक्शा रोककर जागेश्वर साहू शराब लेने के लिए भटटी गया। शराब भटटी के पास 5-6 व्यक्ति सामने से आये और जागेश्वर से शराब पीने के लिए पैसा मांगे। जब जागेश्वर द्वारा पैसा नही देने पर आरोपीगण द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा जिसे देखकर प्रार्थी एवं अन्य लोग बीच बचाव करने लगे तो उनमें से एक व्यक्ति द्वारा अपने पास रखे धारदार हथियार से हमला करने से प्रार्थी एवं उनके साथियों के सिर, चेहरा एवं जांग में चोट पहुंचा है।

**शराब पीने मांगे गए पैसे, नहीं देने पर किया गया चाकू से वार**

**सीसीटीवी फुटेज के आधार पर धरे गए आरोपी**

थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि इस रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को त्वरित सूचना देकर उनके दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में मामले की गंभीरता को लेते हुए घटना स्थल नया शराब भट्टी रेवाडीह में लगे सी.सी.टी.व्ही फुटेज को चेक किया गया। जिसमें प्रार्थी एवं उनके साथियों के साथ 7-8 लोग मारपीट झगडा लडाई करते स्पष्ट नजर आए। इस तरह घटना में शामिल 2 नाबालिगों की पहचान होने पर उनसे घटना के संबंध में पूछताछ किया गया। जिस पर उत्तम साहू पिता देवदूत साहू उम्र 21वर्ष निवासी आबादी पारा पेंड्री, भुपेन्द्र यादव उर्फ रानू पिता सोनू यादव उम्र 21 साल निवासी आबादी पारा पेंड्री, अजय ठाकुर पिता सुग्रीव ठाकुर उम्र 18 साल निवासी बैगापारा पेंड्री, रंजीत यादव पिता नोहर यादव उम्र 18 साल निवासी बैगा पारा पेंड्री एवं 02 नाबालिक विधि से संघर्षरत अपचारी बालको को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**आरोपियों द्वारा एक राय होकर किया गया हमला**

बताया गया कि प्रार्थी पर भुपेन्द्र यादव उर्फ रानू के द्वारा चाकू से वार कर चोट पहुंचाया गया। उक्त सभी आरोपियों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी एवं उनके साथी से शराब लेने के लिए पैसा की मांग कर पैसा लूटने का प्रयास कर हाथ मुक्के व धारदार चाकू से हमला करना पाया गया। आरोपीगण उत्तम साहू, भुपेन्द्र यादव उर्फ रानू, अजय ठाकुर, रजीत यादव एवं अपचारी बालकों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया। जो घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपीगण द्वारा जुर्म करना स्वीकार करने पर 04 आरोपीगण को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया एवं 02 विधि से संघर्षरत बालक को बाल न्यायालय में पेश किया गया तथा शेष आरोपीगण की पता तलाश जारी है। पता तलाश कर शीघ्र ही गिरफ्तारी की जायेगी। इस कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित सउनि अश्वनी यदु, राकेश ठावरे, राकेश ध्रुव, राजकुमार बंजारा, मनोज पटेल, भवानी प्रसाद की भूमिका सराहनीय रही।

## अंकिता शर्मा होगी राजनांदगांव जिले की पहली महिला एसपी



राजनांदगांव (दावा)। 2018 बैच की आईपीएस अधिकारी अंकिता शर्मा को राजनांदगांव जिले का एसपी बनाया गया हैं। वही मोहित गर्ग का तबादला पुलिस मुख्यालय रायपुर किया गया हैं। अंकिता शर्मा राजनांदगांव जिले की पहली महिला एसपी होगी। उन्हें छत्तीसगढ़ की पहली महिला आईपीएस अधिकारी के रूप में भी जाना जाता हैं। उन्होंने परीक्षा अवधि में बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बतौर सहायक पुलिस अधीक्षक के तौर पर काम किया और नक्सल आपरेशन की कमान सम्हालने वाली पहली महिला आईपीएस अधिकारी बनी। वो खैरागढ़ जिले में भी एसपी रह चुकी है।

## डिवाइडर से टकराकर बाईक सवार की मौत

**मातर त्यौहार मना कर वापिस घर लौट रहा था युवक**

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र में आयोजित मातर त्यौहार मना कर अपनी बाइक से वापस लौट रहे युवक की रोड डिवाइडर से टकरा कर मौत हो गई। सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि 23 अक्टूबर को थाना सोमनी में लगभग ढाई बजे के करीब ग्राम खुटेरी निवासी हेमंत कुमार साहू पिता छन्नू लाल साहू उम्र 24 वर्ष अपनी मोटर साइकिल में मातर त्यौहार मनाकर घर वापस जा रहा था। इस दौरान उसके द्वारा अपनी मोटरसाइकिल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर ग्राम सरपंच के बाउंड्री वॉल में अनियंत्रित होकर सीसी रोड में धड़ाम से गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। युवक को इलाज हेतु तत्काल सोमनी अस्पताल लाया गया, वहां डॉक्टर द्वारा मृत्यु होना बताया गया। उक्त घटना पर प्रार्थी श्यामलाल साहू पिता लखन लाल साहू निवासी ग्राम खुटेरी थाना सोमनी की रिपोर्ट पर थाना सोमनी में मर्ग क्रमांक 72/25 धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया।

## अवैध चूना पत्थर उत्खनन मामला : शिकायतकर्ता विवेक कुमार शर्मा को अपर कलेक्टर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। न्यायालय अपर कलेक्टर राजनांदगांव में 30 अक्टूबर सुबह 11 बजे राजनांदगांव तहसील के ग्राम चवेली में खनिज चूना पत्थर के अवैध उत्खनन प्रकरण के संबंध में शिकायतकर्ता विवेक कुमार शर्मा को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

न्यायालय अपर कलेक्टर राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी अनुसार राजनांदगांव तहसील के ग्राम चवेली पटवारी हलका नंबर 22 में मनिन्दर सिंह गरचा द्वारा खनिज चूना पत्थर का अवैध उत्खनन प्रतिवेदन खनिज अधिकारी राजनांदगांव के माध्यम से प्राप्त हुआ है। प्रस्तुत प्रकरण में शिकायतकर्ता के साथ-साथ पंचनामा के साक्ष्य भी है। न्यायालय अपर कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा प्रकरण के संबंध में विवेक कुमार शर्मा की उपस्थिति हेतु उचित माध्यम से नोटिस तामिली हेतु भेजा गया है, किन्तु प्रतिवेदन में उल्लेखित कारणों से नोटिस की तामिली नहीं हुई है। सुनवाई तिथि में उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

# दीपावली में पूजी गई धन की देवी महालक्ष्मी, जमकर फूटे फटाके, दीयों से जगमग हुआ घर आंगन चौबारा

**○ दीवाली में बाजार हुआ गुलजार, जमकर चमका कारोबार,**
**○ व्यवसायियों के चेहरे में दिखी प्रसन्नता, छाई हर ओर खुशियां**

राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्मियों का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्व दीपावली की भारत देश के साथ पूरी दुनिया में धूम रही। पूरी दुनिया भर में बसे भारतवासियों सहित उन देश के लोगों ने भी दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया। घर-आंगन में रंगोलियां सजी वहीं लोगों ने अपने घर आंगन चौबारों में सैकड़ों दीप प्रज्वलन कर जगमग रौशन करते हुए अंधेरे में उजाले की जीत के पर्व की एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूरे देश के साथ ही संस्कारधानी नगरी में भी रौशनी का पर्व दीपावली धूमधाम के साथ मनाया गया। धनतेरस से प्रारंभ हुए पंच दिवसात्मक पर्व दीवाली पर बाजार गुलजार रहा। कपड़ा बर्तन सोने-चांदी के जेवर, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, आटोमोबाइल आदि हर सेक्टरों में जमकर खरीदी हुई। इससे व्यवसाईयों के चेहरे में प्रसन्नता दिखी। शुभ मुहूर्त में खरीदी के लिए बाजार में इतनी भीड़ रही कि, पैर रखने के लिए जगह नहीं थी। वैसे इस बार सिटी यातायात प्रभारी नवरतन कश्यप के नेतृत्व में यातायात सिपाहियों ने ट्रेफिक व्यवस्था को पटरी पर बनाए रखने के लिए जमकर पसीने बहाए और लोगों की भारी भीड़ के बीच यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखी।

**लक्ष्मी पूजन में जमकर फूटे फटाके**

सोमवार 20 अक्टूबर व मंगलवार 21 अक्टूबर को घर आंगन चौबारों में सैकड़ों दीए जलाए गए और जगमग रौशनी की गई, साथ ही विशेष मुहूर्त में धन की देवी मां महालक्ष्मी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान रात में जमकर फटाके फोड़े गए। अमावस की काली रात में जमकर आतिशबाजी की गई जिससे पूरा आसमान रंगीनियों से भर गया। धूम-धड़ाके की शोर चारों ओर गुंजायमान रही। लोगों में दीपावली पर्व का उल्लास छाया रहा। नए वस्त्र परिधान में सजे लोग एक-दूसरे को दीपावली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए नजर आए। इस दिन गौरा-गौरी पूजन की भी धूम रही। शहर के विभिन्न मुहल्लों में गौरा-गौरी पूजन का आयोजन किया गया। बाजे-गाजे के साथ गौरा गीत वातावरण में तैरते रहें, इसी के साथ गौरा गीतों के धुन मे महिलाओं व पुरुषों को दैवीय आवेग में झूमते नाचते देखे गए। दूसरे दिन बाजे गाजे के साथ गौरा विसर्जन की भी धूम रही।

**गोवर्धन पूजा की बिखरी छटा**

दीपावली त्यौहार के दिन जहां राउत बंधुओं ने गऊ माता को खिचड़ी खिला कर दोहा पालते हुए उनके गले में सोहई बांधी वहीं दूसरे दिन गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम से मनाया। राउत बंधुओं द्वारा भगवान श्री कृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने की अपरिमित साहस को याद करते हुए भगवान श्री कृष्ण और सांहड़ा देव की पूजा करते हुए गौ- संवर्धन का संकल्प लिया। इस दौरान लोगों के माथे में गोबर का तिलक लगाकर उनकी खुशहाली की कामना की गई और गोवर्धन पूजा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

गोवर्धन पूजा के साथ ही शहर के सत्यनारायण मंदिर, बालाजी धाम मंदिर व अन्य मंदिरों में अन्नकूट पूजा की भी धूम रही। अन्नकूट महोत्सव के दौरान भगवान श्री कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं को 56 प्रकार के भोग चढ़ाएं गए और लोगों में प्रसादी रुप में वितरण किया गया। गोवर्धन पूजा के बाद गांव-गांव में इन दिनों मातर- मंडई की धूम बनी हुई है। ठेठवार बंधु व राउत बंधुओं द्वारा जमकर मातर पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान मातर ठौर में मेले जैसे माहौल बना हुआ है। राउत और ठेठवार बंधु खोड़हर देवता की पूजा कर मातर की खुशी में कुम्हड़ा से बने सब्जी प्रसादी व खीर प्रसादी से लोगों का मुह मीठा करा रहे हैं। इससे गांव- देहात का माहौल उत्साह व उल्लास मय बना हुआ है। लोग नए-नए वस्त्र परिधानों में सजी कर मातर- मेला मंडई देखने आ रहे हैं। इस दौरान जमकर फटाके फोड़े जा रहे हैं और आतिशबाजियां भी की जा रही है।

**बाजार व कार्यालयों में पसरी है त्योहार की खुमारी**

बताते चलें कि इस बार केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के स्लैबकम कर दिए जाने व त्योहार के पहले कर्मचारियों को राहत वेतन बोनस आदि दिए जाने के अलावा किसानों के फसल ठीक ठाक होने से बाजार में बूम की स्थिति रही। दीपावली त्यौहार के उपलक्ष्य में लोगों के हाथों में पैसे रहने पर अपने मन पसन्द की चीजों की जमकर खरीदारी की गई। इससे दीवाली का बाजार गुलजार रहा। इसके बाद लोगों के गांव-देहातों की ओर गोवर्धन पूजा, मातर-मंडई की ओर रुख होने तथा त्यौहार की थकान होने से लोगों में दीवाली की खुमारी छाई रही जिसका असर शहर के बाजार व सरकारी दफ्तरों सहित अन्य काम काज में देखा गया।

**न्यायालय तहसीलदार घुमका, जिला-राजनांगाँव**

रा.प्र.क 202510091500002 अ/6...वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देव कुमार पिता गणेश साहू जाति लेली निवासी ग्राम बाटगांव तह. घुमका जिला-राजनांदगांव के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया कि आवेदक के नाम पर ग्राम बाटगांव प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. घुमका तह, जिला राजनांदगांव में ख.नं. 213/4 रकबा 0.226 हे. भूमि स्थित व दर्ज था। उक्त भूमि के रकबा में से 0.066 (0.16 ए) हे. भूमि को केता नरेन्द्र झा पिता केदार झा के पास उप पंजीयक कार्यालय राजनांदगांव में दो गवाहों के समक्ष दिनांक 17.08..2004 को रजिस्र्ड विकयपत्र निष्पादित किया गया है। विकय पश्चात मेरे नाम पर 0.160 हे. भूमि राजस्व आनलाइन रिकार्ड में दर्ज होना किन्तु संपूर्ण भूमि केता नरेन्द्र झा पिता केदार झा के नाम से दिखा रहा है। आवेदित भूमि से केता नरेन्द्र झा पिता केदार झा के नाम पर 0. 066 हे भूमि को दर्ज कर शेष भूमि रकबा 0.160 हे. को आवेदक के नाम पर पंजीकृत विकय पत्र अनुसार दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 29.10.2025 तक या उसके पूर्व. प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 13.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार, घुमका

# मोती तालाब में आज से बिखरेगी छटा पर्व की छटा, नहाय खाय के साथ होगी पर्व की शुरूआत

राजनांदगांव (दावा)। उत्तर भारतीयों का प्रमुख सूर्योपासना का त्योहार छठ पर्व का आगाज आज नहाय खाय के साथ होने जा रहा है। चूंकि इस पर्व में कमर भर जल उतर कर भगवान सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है। इसलिए नगर निगम द्वारा शहर के मोती तालाब की साफ-सफाई कर उसे जगमग कर दिया गया है। तालाब घाट को रंग-बिरंगी रौशनियो से जगमग करने चारों ओर विद्युत झालर लगाया गया है वहीं घाट में पूजन के लिए यज्ञ-कुंड भी बनाए जा रहे हैं। 27 अक्टूबर मंगलवार के दिन यहां छठ पूजन के लिए यहां मेला लगेगा।

इस आयोजन के प्रमुख अशोक चौधरी ने बताया कि मोती तालाब में प्रति वर्ष आयोजित होने वाले छठ पूजन के आयोजन को भव्य बनाने के लिए मंदिर समिति सहित शहर के लोकप्रिय महापौर मधुसूदन यादव आयुक्त अतुल विश्वकर्मा व पार्षद प्रमोद झंझारे लगे हुए हैं। शुक्रवार को महापौर यादव व आयुक्त महोदय छठ पूजा स्थल मोती तालाब का निरीक्षण करने उपस्थित रहे और मातहतों को तालाब घाट में अच्छी व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।



बता दें कि आज 25 अक्टूबर से नहाय- खाय के साथ शुरू होने वाले सूर्योपासना के इस महान पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है। शहर में खासकर मोती तालाब में संपन्न होने वाले इस पर्व के पहले दिन में छठ व्रती नियम से सात्विक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। इस दिन छठी मइया को ध्यान करते हुए उनकी पूजा का संकल्प लेकर उन्हें व आदित्य देव भगवान सूर्य नारायण को आह्वान किया जाता है। इस दौरान बहंगिया लचकत जाए,, जैसे लोक गीत वातावरण को गुंजायमान कर देते हैं।

वस्तुतः एक मायनों में देखा जाए तो भुवन भास्कर भगवान सूर्य देव की अर्धांगिनी शक्ति ही छठी मइया के रुप में पूजी जाती हैं जिसे दूसरे अर्थों में भगवान सविता देव की अर्धांगिनी शक्ति मां सावित्री कहा जा सकता है। एक और अर्थों में भगवान शिवशंकर व मां पार्वती के पुत्र कुमार कार्तिकेय को पालने वाली षष्ठ मातृकाएं भी छठी मइया कहीं जाती है। बहरहाल मिथिलांचल बिहार वासियों में छठ मैया पूजन का बड़ा महत्व है। सनातन संस्कृति नारी शक्ति पूजन को शुरू से ही मान व महत्व देते आया है। यही वजह है कि नारी को नारायणी कहा गया है।

**तीन दिनों तक चलेगा सूर्य उपासना का पर्व, छठ व्रती देंगे भगवान सूर्य को अर्ध्य**

### छठ पूजा के लिए किए गए व्यापक इंतजाम

शहर के नया बस स्टैंड के समीप स्थित मोती तालाब जिसे बीएनसी मिल के जमाने में डंकिन तरिया कहा जाता था, उस तालाब की साफ-सफाई कर जगमग किया गया है। वहीं तालाब से लगे श्री राम जानकी मिथिला धाम श्री गणेश मंदिर समिति द्वारा भी पर्व की आवश्यकताओं को लेकर व्यापक इंतजाम किया गया है। मंदिर समिति के प्रमुख अशोक चौधरी ने बताया कि छठ पूजा के लिए बाहर व दूर -दराज से आने वाले छठ व्रतियों के लिए मंदिर में ही रुकने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया इस महापर्व को लेकर खासकर बिहार उतरांचल मिथिला क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह बना हुआ है और वे पर्व की तैयारियों के तहत पूजा सामग्रियों की खरीदी के साथ ही अन्य खरीदी करने के लिए भी लोग जुटे हुए हैं। शहर का बाजार पूजा सामग्रियों को लेकर सज गया है जहां बांस से बने सूप टोकनी, व अन्य सामान बिकने लगे हैं।

### भगवान सूर्य देव को दिया जाएगा अर्ध्य

गणेश मंदिर समिति के अशोक चौधरी ने बताया कि आज नहाय- खाय के साथ शुरू होने वाले छठ महापर्व के दूसरे दिन 26 अक्टूबर सोमवार को खरना है। इस दिन व्रती जन छठी मइया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाते हैं। जिससे छठी मइया व्रतियों के सारे दुःख-दर्द का हरण कर उनकी सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती है।

27 अक्टूबर को मंगलवार को छठ व्रती महिलाओं द्वारा तालाब के कमर भर जल में उतर कर दोनों हाथों में सूप में फल-फूल सहित पूजा सामग्रियां रखकर अस्ताचल गामी भगवान सूर्य को सांध्य कालीन अर्ध्य दिया जाएगा। इस दौरान मोती तालाब में मेले जैसा माहौल बना रहता है। महिलाओ के सुरीले कंठ से छठी मइया के गीत फूट पड़ते हैं। छठी मइया की शान में दीपावली त्यौहार की तरह जमकर फटाके फोड़े जाते हैं। पर्व की खुशियों में भव्य आतिशबाजियां की जाती है जिससे असमान में रंगीन नजारे चमक उठते हैं। इसके अगले दिन 28 अक्टूबर बुधवार को उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्ध्य दिया जाएगा और भगवान सूर्य की पूजा अर्चना कर लोगों में प्रसादी अर्पित की जाएगी। इस अवसर पर भी जमकर फटाके फोड़े जाते हैं और आतिशबाजियां की जाती है। बहरहाल आज नहाय खाय के साथ शुरू होने वाले सूर्योपासना के इस 4 दिवसीय महापर्व को लेकर लोगों में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना हुआ है।

## जिपं सीईओ ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की गहन समीक्षा की




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला अधिकारी, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रगति की गहन समीक्षा की।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत संचालित सभी प्रगतिरत कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने तथा कार्यों का जियो टैग कर एमआईएस में एन्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ग्रामों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण अनिवार्य रूप से करने तथा यूजर चार्ट लेने कहा। उन्होंने 15 अक्टूबर से 19 नवम्बर 2025 तक आयोजित स्वच्छ संकल्प अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जनपद पंचायतों को अधोसंरचना निर्माण के लिए उपलब्ध कराई गई राशि से शीघ्र कार्य प्रारंभ करने निर्देशित किया। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों की विकासखंडवार समीक्षा की और कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में वांछित प्रगति नहीं आने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने फसल चक्र परिवर्तन, जल संरक्षण, ग्रीष्मकालीन धान की फसल में रोक लगाने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से संगोष्ठी का आयोजन कर कृषकों को धान के बदले कम पानी की फसलों के संबंध में जानकारी देने कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभ के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी देने कहा तथा समर्थ पोर्टल एवं संपदा पोर्टल के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री समग्र गामीण विकास योजना, महतारी सदन, परकोलेशन टेंक सहित अन्य निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी तथा अप्रारम्भ एवं अपूर्ण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए।

## पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा को मिली बिहार विस में जिम्मेदारी, हुए रवाना



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा को भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस सिलसिले में वे शुक्रवार को बिहार के लिए रवाना हो गये है। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास को लेकर श्री शर्मा ने आभार व्यक्त करते कहा 'भाजपा ने मुझ पर भरोसा जताते हुए बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को विजय दिलाने की जिम्मेदारी दी है। मैं इस विश्वास के लिए पार्टी नेतृत्व का हृदय से धन्यवाद करता हूं।'

श्री शर्मा का यह दायित्व न केवल संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि अन्य राज्यों में पार्टी की रणनीतिक भूमिका में उनकी सक्रिय भागीदारी को भी दर्शाता है। वे लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और उनकी कार्यशैली को पार्टी नेतृत्व ने कई बार सराहा है। श्री शर्मा ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ इस जिम्मेदारी को निभाएंगे और पार्टी के विजय संकल्प को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। ज्ञात हो कि श्री शर्मा इसके पूर्व असम, उत्तराखण्ड, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्यप्रदेश जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में विधानसभा चुनाव में संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं, जहां उनकी सक्रियता से पार्टी के प्रत्याशियों ने विजयश्री प्राप्त की थी।

### जिला सहकारी बैंक के अंतर्गत 136 नई पैक्स समितियों का गठन, किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

राजनांदगांव (दावा)। प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाइटियों की पुनर्गठन योजना 2025 के अंतर्गत जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के कार्यक्षेत्र जिला राजनांदगांव में 43, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 26, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में 19 एवं जिला कबीरधाम में 48 कुल 136 नवीन समितियों का गठन किया गया है। इस प्रकार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के कार्यक्षेत्र के 4 जिलों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की संख्या 222 से बढकर 358 हो जायेगी। समितियों की संख्या बढ़ने से किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण, नगद, खाद-बीज प्राप्त करने में सुविधा होगी एवं अपनी फसल बेचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ेगी।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिन्दल ने 18 अक्टूबर को जिला जेल राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित बंदियो को उनके अनेक अधिकारों व अनेक विषयों पर कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अध्याय 23 में प्ली बारगेनिंग के प्रावधान दिए गए है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 289 के अनुसार सात साल के दण्ड तक के मामले में उस दशा को छोडकर जहां अपराध देश की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता है या स्त्री या 14 साल के बालक के विरूद्ध किया गया हो, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 290 के अनुसार आरोप की विरचना से 30 दिन के भीतर अभियुक्त के स्वेच्छा से आवेदन पेश करने पर प्रकरण का पारस्पारिक संतोषप्रद निपटारा अर्थात आपसी बातचीत से निपटारा 60 दिन की अवधि के भीतर किया जा सकता है तथा ऐसी दशा में धारा 401 या अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 (958 का 20) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के प्रावधान अभियुक्त के प्रकरण में आकर्षित है, तो वह अभियुक्त परिवीक्षा पर निर्मुक्त किया जा सकता है या न्यूनतम दण्ड के आधे दण्ड से या अन्य दशा में अपराध के लिए उपबंधित या विस्तारित जैसी स्थिति हो, दण्ड के एक-चौथाई दण्ड से दण्डित किया जा सकेगा।

## महाकाल मंदिर सिंघोला में 56भोग महाप्रसादी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



राजनांदगांव(दावा)। महाकाल मंदिर सिंघोला में बुधवार 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित 56 भोग महाप्रसादी में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह 11.30 बजे से दोपहर 4 बजे तक चले इस भव्य आयोजन में लगभग 2500 से अधिक महाकाल भक्तों ने प्रसादी पाई। इस अवसर पर राजनांदगांव के अलावा रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बेमेतरा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, डोंगरगांव सहित नागपुर (महाराष्ट्र) से भी बड़ी संख्या में भक्त पधारे थे। भक्तों ने महाकाल की आराधना कर आस्था और भक्ति का अनुभव किया।

### 56 भोग का दिव्य अर्पण

कार्यक्रम में महाकाल को 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए। मंदिर परिसर में भक्ति और आनंद का वातावरण रहा। भोग प्रसादी में मूंग, चांवल, कढ़ी, मिक्स सब्जी, पुड़ी और मिठाई में मालपुआ, गुलाब जामुन सहित विविध व्यंजन परोसे गए, जिसकी सभी भक्तों ने सराहना की। महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि यह आयोजन भक्तों की सामूहिक आस्था का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से ऐसे धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होने पर आभार व्यक्त किया। आगे कहा कि धार्मिक आयोजनों में भागीदारी से समाज में एकता, अनुशासन और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना मजबूत होती है। इस आयोजन ने न केवल भक्ति का वातावरण बनाया, बल्कि परंपरा और संस्कृति के संरक्षण का भी संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बताया। उक्त जानकारी महाकाल भक्त लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## राजपूत क्षत्रिय महासभा छग सामान्य सभा की बैठक

**वार्षिक सदस्यता 30 नवंबर तक जमा एवं आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर लिया निर्णय**

राजनांदगांव(दावा)। उपसमिति राजनांदगांव द्वारा आगामी दिसंबर माह में उप समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने बताया आगामी दिसम्बर माह में राजस्थान भम्रण सामाजिक सदस्यों के लिए किया जाएगा एवं वार्षिक सदस्य बुक का वितरण किया जा रहा है, जिसके अंतिम तिथि 30 नवंबर को रखा गया है। वहीं दो दिवसीय, एक दिवसीय खेलकूद का आयोजन एवं करियर गाइडेंस का आयोजन किया जाएगा तथा आगामी युवक - युवती परिचय सम्मेलन का भी आयोजन महाराणा प्रताप पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सनातन के विषयों पर संस्कार तथा समाज के बारे बच्चों को जानकारी देना, जोन बैठक के लिए चर्चा एवं आगामी महाधिवेशन उपसमिति डोंगरगांव पर चर्चा बैठक में आर्थिक सहयोग के लिए महाराणा प्रताप मूर्ति के लिए कैलाश नगर वरिष्ठ सदस्य शिक्षकवाणी विलाश गौतम ने विशेष सहयोग देने की बात कही, वहीं सम्मानित सदस्य श्रीमती दुर्गा चौहान ने समाज के मेडिकल बच्चों जो डॉक्टरी की शिक्षा लेने के लिए पढ़कर डॉक्टर बनने पर आर्थिक सहयोग के रूप में विशेष सहयोग के रूप मे देने की घोषणा की। समाज के पदाधिकारी सदस्यों ने उन सहयोगियों के लिए साधुवाद और आभार व्यक्त किया। उप समिति के सदस्यों का हुए निधन पर सामाजिक सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया।

## अवैध कब्जे पर सख्ती बरतेगा निगम, सृष्टि कॉलोनीवासियों को मिला महापौर का भरोसा



राजनांदगांव (दावा)। सृष्टि कॉलोनी में चल रहे अवैध निर्माण और कब्जे को लेकर कॉलोनीवासियों का प्रतिनिधिमंडल महापौर मधुसूदन यादव से मिला। कॉलोनीवासियों ने महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि कुछ लोगों द्वारा कॉलोनी की सड़कों, सरकारी भूमि और सार्वजनिक उपयोग की जगहों पर अवैध रूप से बाउंड्रीवॉल व निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि इन अवैध कब्जों के चलते मुख्य सड़क संकरी हो गई है। स्कूल बसों का आना-जाना मुश्किल हो गया है और कॉलोनी के गार्डन व खेल मैदान पर अतिक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है।

महापौर मधुसूदन यादव ने कॉलोनीवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए नगर निगम आयुक्त को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित सर्वोपरि है और कॉलोनी की सुविधा एवं सुचारु आवागमन सुनिश्चित करने के लिए निगम स्तर पर ठोस कदम जल्द उठाए जाएंगे। महापौर यादव ने कहा कि सृष्टि कॉलोनी में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम की टीम स्थल निरीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई प्रारंभ करेगी। कॉलोनीवासियों ने महापौर का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें निगम से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद है, ताकि कॉलोनी की सुंदरता और व्यवस्था यथावत बनी रहे।

> जनहित में होगा निर्णय, कार्रवाई होगी निष्पक्ष।
> **- मधुसूदन यादव, महापौर**

## छछानपाहरी में नाच कार्यक्रम के दौरान विवाद : मारपीट में युवक की मौत



**आरोपी गिरफ्तार**

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम छछानपाहरी में बीती रात आयोजित नाच (रिकॉर्डिंग डांस) कार्यक्रम के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की घटना में एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मामूली कहासुनी के बाद यह झगड़ा खूनी रूप ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार प्राथी मुरारी साहू निवासी छछानपाहरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि लगभग 1:30 बजे उनके भतीजे साहिल साहू के साथ सुनील साहू एवं उसके साथियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव रेफर किया गया। हालांकि उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 174/25 दर्ज कर धारा 292, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला कायम किया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य आरोपी सुनील साहू जो घटना के बाद रायपुर फरार हो गया था, उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही अन्य संदिग्ध आरोपियों को भी हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी वाई.पी. सिंह ने बताया-मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही सुनिश्चित कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतक के परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में इस घटना के बाद शोक का माहौल है।

## कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुधारने हेतु बीईओ एवं प्राचार्यों की ली बैठक



**○ क्लास रूम में मोबाईल का उपयोग करने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई**
**○ समय पर सिलेबस पूर्ण करने तथा मंथली टेस्ट कराने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शासकीय डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र हायर सेकेंडरी स्कूल बसंतपुर राजनांदगांव में बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुधारने के लिए जिले के प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने सभी प्राचार्यों से कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जिले का नाम राज्य स्तर पर अच्छा होना चाहिए। इसके लिए सभी प्राचार्यों को कड़ी मेहनत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्राचार्यों को अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निर्वहन करने कहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक की पहचान उसके शिक्षण कार्य से होती है। बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे और अच्छा कार्य करें। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि अपने जीवन का सर्वोत्तम समय स्कूल एवं शिक्षा के क्षेत्र में दें। जिससे अच्छे शिक्षक की पहचान बनती है। उन्होंने कहा कि जिले के स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर होना चाहिए। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को विशेष ध्यान देते हुए कार्य करना चाहिए। जिन स्कूलों के परीक्षा परिणाम बेहतर नहीं होने पर संबंधित शिक्षकों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम लाने के लिए अच्छी कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। बच्चों का समय पर सिलेबस पूर्ण कर प्रश्नों को हल कराने के लिए प्रेक्टिस कराने कहा। इसके साथ ही मंथली टेस्ट लेने कहा। बच्चों के मंथली टेस्ट परीक्षा की पुस्तिका को दूसरे स्कूलों में जांच कराने कहा।

कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों में ऐसे भी व्याख्याता होते हैं जिन्हें अपने विषय के अलावा अन्य विषय का भी ज्ञान एवं रूचि होती है, उन्हें पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। कोई भी शिक्षक क्लास रूम में मोबाईल का उपयोग नहीं करें। उन्होंने कहा कि 10वीं एवं 12वीं के बच्चों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर प्रतिदिन परीक्षा की तैयारी कराने के लिए प्रश्नों को हल कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्टर और इंटरनेट माध्यम से कमजोर बच्चों को अच्छी पढ़ाई कराएं। उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, बीआरसी और संकुल समन्वयकों को नियमित स्कूलों का निरीक्षण करने कहा। कलेक्टर ने तिमाही परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट परिणाम आने पर जिले के 3 हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने कार्तिक पुन्नी मेला की व्यवस्था का दायित्व अधिकारियों को सौंपा - डी.सी. जैन



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र यादव द्वारा 4 से 6 नवंबर तक तीन दिवस आयोजित कार्तिक पूर्णिमा मेला की व्यवस्था का दायित्व संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया हैं। आबंटित दायित्व के अनुसार पुलिस अधीक्षक, वनमंडलाअधिकारी, आयुक्त नगर पालिक निगम, कार्यपालन अभियंता विद्युत मंडल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सेनानी नगर सेना सम्मिलित हैं।

इनके अलावा मेला में शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु गौतम पाटिल अनुविभागीय दंडाधिकारी, अनीय श्रीवास्तव तहसीलदार, गंगाधर राव एवं राकेश नागवंशी नायब तहसीलदार की ड्यूटी लगाई गई है। उपरोक्तानुसार तीन दिवसीय मेला की व्यवस्था के लिए समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन एवं सदस्यों द्वारा कलेक्टरका आभार व्यक्त करते हुए बताया गया है कि विगत सैकड़ों वर्षों से आयोजित एक दिवसीय मेले को तीन दिवसीय करने शिवनाथ नदी मोहारा में तटबंध एवं स्नान घाट के निर्माण करने संबंधी, शिवनाथ बचाओं अभियान एवं ऑक्सीज़ोन का निर्माण करने से मेला की लोकप्रियता बढ़ी हैं तथा छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध मेलों में गढ़ना हो रही हैं। जिसके लिए नगरवासी एवं समिति के सदस्य पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधासभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के सदैव आभारी रहेंगे।


## अनमोल दावा

"दूसरों से उम्मीद मत करो, हमेशा खुद पर भरोसा रखो।"

# मोदी-भाजपा-संघ की यह आखिरी देन तय

**हरिशंकर व्यास**

सोचें, भारत में सामाजिक (हिंदू) समरसता का कौन सा मॉडल प्रदेश है? मेरा मानना है मध्य प्रदेश! और वहां अभी क्या हल्ला हुआ? भाजपा ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ा कर 27 प्रतिशत करने के कमलनाथ सरकार के पुराने फैसले पर सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद की है कि फ्रकांग्रेस कई वर्षों तक सत्ता में रही लेकिन उसने किसी वर्ग के साथ न्याय नहीं किया। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है और हमें न्यायपालिका पर भरोसा है। हमें उम्मीद है कि अदालत मध्यप्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी देगीफ्र। अर्थात भाजपा/संघ परिवार/ मोहन यादव सरकार राज्य की ओबीसी (51 प्रतिशत), अनुसूचित जाति (एससी) 15.6 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) 21.1 प्रतिशत के तीनों वर्गों की राज्य में कथित 87 प्रतिशत आबादी के अनुपात में आगे आरक्षण का झुनझुना/रोडमैप सोचे हुए है। और यह सब मोदी सरकार की 11 वर्षों की राजनीति का नतीजा है। जैसे भी हो सत्ता बनाए रखने की जिद्द की इस राजनीति ने कांग्रेस और राहुल गांधी को यदि फ्रजितनी आबादी, उतना हक़फ्र के एजेंडे की ओर धकेला है तो सुप्रीम कोर्ट तथा जनगणना से भाजपा हिंदू समाज को आगे और बिखेरने वाली है।



कैसे? मोदी सरकार 2027 में जनगणना कराएगी। अंग्रेजों की कराई 1931 की जाति जनगणना के लगभग सौ साल बाद स्वतंत्र भारत की पहली बार फिर जाति जनगणना होगी। यह जनगणना जाति के साथ उपजाति, पिछड़े, अतिपिछड़े जैसे अलग-अलग समूहों के खांचों में होगी।

जैसे कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार लिंगायतों को बांटने, हिंदू धर्म से उन्हें अलग करने, लिंगायत के भीतर लिंगायत बनाम वीरशैव का झगड़ा बनाने की कोशिश में है वैसे ही अगली जनगणना में पिछड़ों में अति पिछड़ों का वर्गीकरण भी बनेगा। मतलब अति पिछड़ों के वर्गीकरण में यदि हिंदू जाट की उपजातियों जैसे बैंस, भुल्लर, अटवाल आदि की आर्थिक हैसियत के आगे पिछड़े, अति पिछड़े जाट के समूह बने तो आश्चर्य नहीं होगा! क्योंकि जाति जनगणना के पीछे एकमेव मंत्र 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुओं को इतना और बांटना है कि मोदी नए वर्ण विभाजन के फार्मूलों में योजना, स्कीम बना कर लोगों के खाते में पैसे डालने के नए फैसले ले सकें, जिससे वोट पके। मतलब ताजा बिहार मॉडल की तरह 2029 में अखिल भारतीय स्तर पर बांटो, लडाओ (जातीय पहचान-हक-आरक्षण की भूख में) के साथ स्कीमों व आरक्षण के जरिए वोट पटाने का महाअभियान!

मतलब राहुल गांधी, कांग्रेस, तेजस्वी याकि जातीय-क्षेत्रिय राजनीति के धुरंधरों की पिछड़ा-दलित-आदिवासी राजनीति को जनगणना और उसके बाई प्रोडक्ट की योजनाओं-घोषणाओं-झांसों के महाप्रोपेगेंडा से खारिज करा देना।

भयावह सिनेरियो है। मगर अंग्रेजों ने जैसे 1905 में बंग-भंग से बीज बो कर 1947 में हिंदू-मुस्लिम विभाजन तय कराया वैसे नरेंद्र मोदी दिल्ली के वे आखिरी हिंदू शासक संभावी हैं, जिनकी जातीय जनगणना और जातीय आरक्षण की आग में हिंदू राष्ट्वाद वैसे ही मिट्टी में मिलेगा देने जैसे पृथ्वीराज चौहान के आखिरी शासन की आखिरी हिंदू सत्ता थी! विदेशी गुलामी से पहले की!

सोचें, हिंदू मोदी राज में कैसा-क्या है? आरक्षण व्यवस्था लागू होने के 75 वर्ष बाद भारत का दलित चीफ जस्टिस, दलित आईपीएस एडीजीपी, एक दलित कांस्टेबल की हालिया प्रतिनिधि घटनाओं, व्यवहार, अनुभव से क्या यह नहीं मालूम होता कि आरक्षण व्यवस्था पूरी तरह फेल है! इसने हिंदू समाज में समानता की बजाय समरसता, परस्पर मान-सम्मान, सद्भावपूर्ण व्यवहार को न केवल और खराब किया है, बल्कि जातीय पूर्वाग्रहों, वैमनस्य, दुराव, नीचताओं की हद पार करा दी है।

सचमुच हर हिंदू को (÷जितनी आबादी, उतना हक़÷ का सामाजिक न्याय चाहने वालों को अवश्य) हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस एडीजीपी पुरण कुमार के सुसाइड नोट तथा घटना के बाद उनकी पत्नी आईएएस अधिकारी अनमित कुमार की शिकायत-एफआईआर को पढ़ना चाहिए। समझ आएगा कि आरक्षण की व्यवस्था ने हिंदू समाज को मानसिक उत्पीडन की भट्ठी बना दिया है। पूरा समाज, पूरी आबादी जल रही है, खोखला गई है। जिसे आरक्षण मिला और जिसे नहीं मिला, सभी भूख, उत्पीडन, जलालत, भेदभाव की भट्ठी में जलते हुए है। सोचें, भारत के चीफ जस्टिस गवई पर! भारत राष्ट की सत्ता-व्यवस्था के एक स्तंभ न्यायपालिका के प्रमुख। वे आरक्षण से नहीं बने। पर आरक्षण से चिन्हित हुई जाति के वे पर्याय दलित हैं तो उन पर जूता फेंकना सोशल मीडिया में आज तर्कसंगत व प्रशंसनीय है या फिर हिंदू धर्म को गालियां हैं तो सत्य क्या जाहिर? पूरा समाज ही आरक्षण से मानसिक रोगी है। सोचें, तब भारत राष्ट-राज्य कैसा रोगी, खोखला, अशक्त और असहाय है! इसे नई ऊंचाईयां मोदी राज से हैं। नरेंद्र मोदी से पहले तक कांग्रेस, भाजपा, लेफ्ट के राष्ट्रीय राजनीति के नैरेटिव में मंडल-कमंडल दोनों सीमाबद्ध थे। पर अब यदि राहुल गांधी का ÷जितनी आबादी, उतना हक़÷ का पागलपन है तो वजह मोदी-शाह द्वारा जात राजनीति, पिछड़ावाद से वोट प्रबंधन हैं। मोदी सरकार ने पूरी राजनीति को ही जब धर्म, जात, पैसे और लोगों को गंवार बनाने के प्रोपेगेंडा की फैक्टरी में कनवर्ट कर दिया है तो विपक्ष क्या करेगा? यह नोट रखें कि जो दिशा है उसमें मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट से आरक्षण की सीमा 75-84 प्रतिशत (मतलब जितनी आबादी, उतना हक़) बढ़वा देगी। वही जातीय जनगणना के बाद फिर 2029 के चुनाव में प्राइवेट क्षेत्र में आरक्षण लागू कराने का वादा होगा! इसलिए क्योंकि चुनाव किसी भी सूरत में जीतना है। फिर यों भी भारत को आगे बुद्धि, काबलियत की जरूरत नहीं है। अमेरिकी कंपनियों की एआई (कृत्रिम बुद्धि-काबलियत) से ही भारत चलना है।सो मोदी-भाजपा-संघ की यह आखिरी देन तय है जो भारत हर तरह से गुलाम, अक्षम, नाकाबिल और पूरी तरह से जातियों-धर्म की जिद्द में लड़ता-झगड़ता-मनोरोगी होगा!

## राहुल गांधी की नाकाम राजनीति, साख और कांग्रेस का समर्थन दरक रहा

नागरिकता संशोधन कानून किसी की नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि नागरिकता देने से जुड़ा है। इसके बावजूद राहुल गांधी उसके विरोध में अड़ गए कि इसके जरिये संविधान से खिलवाड़ हो रहा है। उनसे सवाल बनता है कि क्या 1958 में केंद्र की सरकार उन शरणार्थियों से वादा करके संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही थी? राहुल गांधी का यह रवैया कुछ और नहीं, बल्कि तुष्टीकरण की पराकाष्ठा ही है। इससे न केवल उनकी साख प्रभावित हो रही है, अपितु कांग्रेस का समर्थन भी दरक रहा है।

पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने 15 अगस्त, 2011 को लाल किले की प्राचीर से कहा था कि देश की तरक्की में भ्रष्टाचार सबसे बड़ी बाधा है, लेकिन इससे निपटने के लिए उनके पास कोई जादुई छड़ी नहीं है। मनमोहन सरकार में भ्रष्टाचार के एक से बढ़कर एक बड़े मामले सामने आए थे। इनमें 2जी स्पेक्ट्रम आवंटन से लेकर राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन में घोटाले के मामले सुर्खियों में छाए रहे। इस पर जब उनसे सवाल किया जाता तो वह कहते कि गठबंधन सरकारों की अपनी कुछ मजबूरियां होती हैं।

केंद्र में जब उनकी सरकार बदली तो भ्रष्टाचार से निपटने का रवैया भी पूरी तरह बदल गया, बल्कि यह कहना अधिक उपयुक्त होगा कि भ्रष्टाचार पर उनका लचर रवैया भी केंद्र में सत्ता परिवर्तन का एक कारण बना। नरेन्द्र मोदी ने देश की कमान संभालने के पहले ही कह दिया था कि च्न खाऊंगा और न खाने दूंगा। मोदी ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपने इस संकल्प को बार-बार दोहराया भी। उन्होंने 2016 में कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने की कोशिश में जुटी हुई है और मैं भ्रष्टाचार को जड़ से मिटा कर ही दम लूंगा। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की तरह कथित राजनीतिक विवशता का रोना न रोते हुए मोदी देश में नई प्रशासनिक संस्कृति की नींव डाल रहे हैं।

मोदी सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान से परेशान कांग्रेस समेत एक दर्जन से अधिक राजनीतिक दलों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की कि केंद्र सरकार सीबीआइ, ईडी और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। सवाल है कि यदि दुरुपयोग हो रहा है तो अदालतें हस्तक्षेप क्यों नहीं कर रही हैं? भ्रष्टाचार के खिलाफ मोदी सरकार के कोई समझौता न करने वाले रवैये के कारण ही नेहरू-गांधी परिवार को यह अहसास हुआ है कि उन्हें ऐसे मामलों में कोई राहत नहीं मिलने वाली। ध्यान रहे कि नेशनल हेराल्ड से संबंधित मुकदमा सुब्रमण्यम स्वामी की जनहित याचिका के आधार पर मनमोहन सिंह के शासनकाल में ही शुरू हुआ था।

नेहरू-गांधी परिवार ने शायद सोचा होगा कि मोदी सरकार में उन्हें इस मामले में रियायत मिल सकती है, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। सोनिया गांधी और राहुल गांधी, दोनों इस केस में जमानत पर हैं। उनका सत्ता में लौटने का सपना भी दूर-दूर तक पूरा होता नहीं दिख रहा। इस निराशा से उपजी कुंठा के कारण ही राहुल गांधी का अपनी वाणी पर कोई संयम नहीं रह गया है। उन्होंने सत्य और असत्य का भेद मिटा दिया है। वे मोदी के खिलाफ धमकी, गाली-गलौज और अत्यंत अशिष्ट शब्दों का इस्तेमाल करने से भी गुरेज नहीं करते। इसके चलते उन्हें कई मुकदमों का भी सामना करना पड़ रहा है, लेकिन लगता है कि उन्हें इसकी कोई परवाह नहीं।

उन्हें इस बात से भी फर्क नहीं पड़ रहा कि उनके ऐसे रवैये से राजनीतिक विमर्श का स्तर रसातल में ही क्यों न चला जाए या संसद की गरिमा तार-तार हो जाए। अपने बड़बोलेपन में उन्हें यह भी अहसास नहीं रहता कि वे क्या कह रहे हैं। कभी वे भारतीय राज्य पर सवाल उठाते हैं कि भारत राष्ट्र न होकर महज राज्यों का एक संघ है तो कभी कहते हैं कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा-आरएसएस से ही नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट यानी भारतीय राज्य व्यवस्था से है। इसी से राहुल गांधी की मानसिकता को समझा जा सकता है।

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान भी राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर निराधार आरोप लगाए। जब आयोग ने राहुल से कहा कि वे अपने आरोपों के पक्ष में शपथपत्र दें तो राहुल उसके लिए राजी नहीं हुए। इसी से संकेत मिला कि उनके आरोपों में कितना दम था। महात्मा गांधी ने एक समय 'सत्य के साथ प्रयोग' किए थे, लेकिन लगता है कि राहुल गांधी ने असत्य को ही अपनी प्रयोगशाला बना लिया है। जब उनके आरोप नहीं टिकते तो वे तुरंत नया राग छेड़ने लगते हैं। जब आयोग और चुनावी प्रक्रिया पर निशाना साधने से बात नहीं बनी तो वे कहने लगे कि जदयू-भाजपा की सरकार ने बिहार को बर्बाद कर दिया।

ऐसा आरोप मढ़ते हुए राहुल भूल गए कि बिहार में लालू प्रसाद यादव के कुख्यात जंगलराज का हिस्सा उनकी पार्टी कांग्रेस भी रही है। लालू सरकार में बिहार की जो प्रति व्यक्ति आय आठ हजार रुपये थी, वह नीतीश राज में बढ़कर 68 हजार रुपये हो गई है। वस्तुत- कुछ भी कह देना और उसके पक्ष में कोई साक्ष्य न देना राहुल गांधी की शैली बन गई है। अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी उन्होंने श्रीनगर में कहा था कि च्देश में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार हो रहा है। उनका यौन शोषण हो रहा है, लेकिन पुलिस उन्हें न्याय नहीं दिला पर रही है।ज् इन आरोपों के बारे में जानकारी लेने के लिए पुलिस राहुल गांधी के आवास पर तीन बार गई, मगर वे कोई ठोस जवाब और साक्ष्य नहीं दे सके। नीतिगत मामलों पर भी राहुल गांधी अपरिपक्वता का परिचय देते रहते हैं। मोदी सरकार ने 2019 में जब नागरिकता संशोधन कानून की दिशा में कदम बढ़ाए तो अतिवादी तत्वों के दबाव में राहुल गांधी उसके विरोध में जुट गए। जबकि वास्तविकता यही है कि 1958 और 2003 में खुद कांग्रेस सरकार ने अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में धार्मिक आस्था के कारण प्रताड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शरणार्थियों को भारत की नागरिकता देने का वादा किया था। मोदी सरकार 2019 में उसी वादे की पूर्ति के प्रयास में लगी थी। नागरिकता संशोधन कानून किसी की नागरिकता छीनने का नहीं, बल्कि नागरिकता देने से जुड़ा है। इसके बावजूद राहुल गांधी उसके विरोध में अड़ गए कि इसके जरिये संविधान से खिलवाड़ हो रहा है। उनसे सवाल बनता है कि क्या 1958 में केंद्र की सरकार उन शरणार्थियों से वादा करके संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही थी? राहुल गांधी का यह रवैया कुछ और नहीं, बल्कि तुष्टीकरण की पराकाष्ठा ही है। इससे न केवल उनकी साख प्रभावित हो रही है, अपितु कांग्रेस का समर्थन भी दरक रहा है।

## विचार सरिता

# मन की गहराई से : छत्तीसगढ़ महतारी और शस्य श्यामला धरती में धान की बाली

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



जब मैंने इस बार दीपावली त्यौहार हेतु सड़क मार्ग से अपने गाँव की यात्रा की, तो प्रकृति का नजारा बदल चुका था। छत्तीसगढ़ की समृद्धि के आधार यहाँ के खेतों में धान की फसल तैयार हो चुकी थी। दो से तीन महीने पूर्व यात्रा के समय खेतों में धान के पौधों की रोपाई का काम चल रहा था। इस बार वर्षा भी औसतन अच्छी हुई। अतः उस समय धान के खेतों में लबालब भरे पानी और कीचड़ में श्रमवीर किसानों को काम करते हुए देखने का दृश्य आँखों को गर्व की अनुभूति कराने वाला था। धान के थरहा, छोटे पौधे जैसे अपने हरे पौधों की आभा के कारण धन(लक्ष्मी जी) की हरित पोटली दिखाई देते थे। अब धान की इन स्वर्ण बालियों को देखकर यह निश्चिंतता होती है कि बीज बोआई के साथ शुरू कृषि कार्य अब अच्छी फसल की प्राप्ति के रूप में धान की कटाई के साथ परिपूर्ण हो जाएगा।

कवि नागार्जुन ने अपनी फसल
कविता में क्या खूब लिखा है,
फसल क्या है?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी-काली-संदली मिट्टी का गुणधर्म है।


सचमुच फसल तैयार होने में हवा, पानी, मिट्टी के गुणधर्म के साथ लाखों किसानों के हाथों के स्पर्श की गरिमा भी है। कुछ ही दिनों में छत्तीसगढ़ अपनी स्थापना का रजत जयंती उत्सव मनाने जा रहा है। छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र में उनके हाथ में धान की बाली और हँसिया दिखाई देता है। उनका यह रूप छत्तीसगढ़ की हरीतिमा और शस्य श्यामला धरती पर आधारित है। छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा कर देश की कोटि-कोटि जनता को धान के कटोरे का अन्न रूपी प्रसाद उपलब्ध कराने वाले किसानों का हृदय से अभिनंदन।

## शब्द सामर्थ्य -207

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**
1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 206 का हल**



## सू- दोकू क्र. 207

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.206 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## सामयिक चर्चा

### झूठे से बचकर रहिए!

बानी बोले – ''गजाधर!
कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश
जो मोदी जी के बारे में कहते हैं
सुनिए, हम उसे पढ़ते हैं –
''पीएम मोदी के मलेशिया नहीं
जाने की वजह साफ है,
वह राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने नहीं आना चाहते,
जो वहां मौजूद होंगे।
उन्होंने कुछ हफ्ते पहले मिस्त्र में
गजा शान्ति शिखर सम्मेलन में
शामिल होने के निमंत्रण भी
इसी वजह से ठुकरा दिया था।
सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रम्प की
तारीफ में पोस्ट करना एक बात है,
लेकिन उनसे आमना-सामना करना दूसरी बात है।
ट्रम्प 53 बार आपरेशन सिन्दूर
रोकने का दावा कर चुके हैं।
और उन्होंने पांच बार यह कहा है कि
भारत ने रूस से तेल खरीदना
बन्द करने का वादा किया है।
ट्रम्प से मिलना, पीएम मोदी के लिए
काफी जोखिम भरा है।
इस पर गजाधर! आपके मन में
कौन-सा भाव जगा है?''
गजाधर मुस्कराए बोले – ''बानी! देखो-
जब तब यूटर्न लेने वाले
और अपनी बात को दूसरे के नाम
से कह देने वाले,
यानी जो झूठा है, सच्चा नहीं है
वैसे आदमी से मिलना,
अच्छा नहीं है।''



गिरीश बख्शी

## बाल गीत

### सूद खाकर बने रसूखदार

अभी तो हम बदले हैं,
बदले तो अभी बाकी है।
इतने सस्ते नहीं थे हम,
जितना तुमने समझ लिया।
मौका मिला है सबक सीख लो,
नहीं तो आगे काफी गिरना है।
मजबूरी में जरा सा झुक क्या गए,
तुमने तो हमें गिरा हुआ समझ लिया।
धन से बड़ा तुम भले बन जाओगे,
पर मन से हमेशा गिर जाओगे।
बेईमानी से तुम बना लो विरासत,
पर नहीं टिकेगी ऐसी सियासत।
गरीबों से सूद खाकर,
बन रहे हो तुम रसुखदार।
ऊपर वाले का पड़ेगा जब मार,
बन जाओगे तुम रोगी, मक्कार।

रामलाल साहू, प्रधान पाठक
प्राथमिक शाला कट्टाहा नवागांव, खैरागढ़, केसीजी




## राशिफल

**मेष** — कार्यस्थल के कुछ लोग अपनी परेशानियों को लेकर लोग आपसे सलाह मश्वरा कर सकते हैं, ऐसे में आपको सोचने समझने के बाद ही राय देनी चाहिए. व्यापारी वर्ग को बिना पढ़े किसी भी डॉक्यूमेंट पर हस्ताक्षर करने से भी बचना होगा.

**वृष राशि** — किसी जरूरी कार्य के चलते ऑफिशियल कार्यों से ब्रेक लेना पड़ सकता है, इसलिए कार्यों को जल्दी-जल्दी निपटाने का प्रयास करें. अन्य कार्य कह लीजिए या किसी परेशानी की वजह से कार्य पर ध्यान कम रहेगा. अपने आपको सर्वश्रेष्ठ मानने की भूल तो युवा वर्ग कतई न करें

**मिथुन** — ग्रहों की स्थिति को देखते हुए मानसिक थकान के कारण कार्यस्थल पर कुछ सुस्त नजर आ सकते हैं, मन काम से ज्यादा आराम की ओर भाग सकता है. आस-पास क्या हो रहा है, इन बातों की जानकारी रखें. फर्जी कॉल्स को लेकर अलर्ट रहें, किसी तरह के जाल में फंसने की आशंका है.

**कर्क** — आज मनमुताबिक कार्य पूरे होने में आशंका है, यदि आप सीनियर पद पर कार्यरत है तो अधीनस्थों को टाइट रखें, जिससे वह ठीक से कार्य कर सकें. व्यापारियों को कोई भी निर्णय लेने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है, इसलिए कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचे.

**सिंह** — ऑफिशियल इमेज को ध्यान में रखकर कार्य करने के लिए आगे बढ़े, प्रोग्रेस के लिए साफ सुथरी इमेज का होना बेहद जरूरी है. अचानक से कुछ ऐसी स्थिति बन सकती है जिस कारण आपको कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव भी करने पड़ सकते हैं. गुणवत्ता ही आपके काम की पहचान है।

**कन्या** — कार्य के दौरान कुछ चिड़चिड़ापन महसूस कर सकते हैं, इसलिए थोड़ी देर का ब्रेक लेकर कुछ देर रिलैक्स जरूर करें.कारोबार से संबंधित सभी कार्य सुचारू रूप से पूर्ण हो जायेंगे, कर्मचारियों के प्रति भी विश्वास बढ़ेगा. नैतिकता के गुणों के चलते घर वालों की गुड बुक में आएंगे और सबकी आंखों के तारे बनेंगे.

**तुला** — उच्च अधिकारी वर्ग से अच्छा सम्पर्क बनाए रखे, जिससे कार्य में सफलता एवं यश की प्राप्ति हो सके. विरोधी पक्ष गलत कार्य करने के लिए उकसा सकते हैं, जिससे आपको हर हाल में बचना चाहिए. मनोरंजन करते समय आमदनी पर भी ध्यान दें, कमाई से अधिक खर्च की सीमा न लांघें.

**वृश्चिक** — जिन लोगों ने नई नौकरी ज्वाइन की है, उन्हें कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ सामंजस्य बैठाने में कठिनाई हो सकती है.व्यापारी वर्ग ग्राहकों से अपना बकाया धन मांग सकते हैं, जिससे व्यवसाय में चल रही आर्थिक समस्या कुछ हद तक दूर होगी. आपकी वजह से घर का अनुशासन भंग न हो इस बात का ध्यान रखें।

**धनु** — आपके विवेक और समझ पर भरोसा करके उच्चाधिकारी आप पर कई बड़ी जिम्मेदारियां सौंप सकते हैं.महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के दौरान संयमित रहें, आपका बेमतलब का सुझाव अपमानजनक स्थिति पैदा कर सकता है. पारिवारिक सदस्यों की भावनाओं की कद्र करें, उनकी जरूरतों को नजरअंदाज करने से बचें.

**मकर** — कर्मक्षेत्र में आस्तीन के साँप और ईर्ष्या करने वाले सहकर्मी से थोड़ा सावधान रहें, क्योंकि प्रमोशन की राह में वो बाधक बन सकते हैं. असफलताओं से सीख लेने का दिन है, यदि अगली बार सिर्फ सफलता चाहते हैं तो पुरानी गलतियों को दोहराने की गलती न करें. आंखों से जुड़ी समस्या होने की आशंका है.

**कुंभ** — ऑफिस में मदद के लिए सहकर्मियों पर निर्भर न रहें तो बेहतर है क्योंकि वह अच्छे कार्यों का श्रेय खुद ले सकते हैं. व्यापारी वर्ग को ठीक ठाक लाभ होने की संभावना दिख रही है, मुनाफे से पुराने कर्ज को चुकाने की तैयारी भी शुरू कर देनी चाहिए. युवा वर्ग के लिए दिन शुभ है, मित्र मंडली से मेल मिलाप का मौका मिल सकता है.

**मीन** — आपकी स्पष्ट और तीखा बोलने की आदत कार्यस्थल पर कई लोगों का आपका विरोधी बना सकती है.कर्मचारियों की मेहनत और आपकी बुद्धि से व्यावसायिक समस्याओं का समाधान होगा. कपल्स के बीच विवाद बढ़ सकता है, जिसके चलते दोनों में से कोई एक अलग होने का निर्णय भी ले सकता हैं.

# पाईप लाईन टूटने से नये सड़क में गड्ढा जानलेवा



**नपं का ड्रायवर गिरकर गंभीर रूप घायल- रायपुर रिफर**

डोंगरगांव (दावा)। नगर में निर्माणाधीन सड़क के बीच टूटा पाईप लाईन का रिसता पानी और इस पर बना गड्ढा अब जानलेवा साबित हो रहा है। मुख्य सड़क पर महीनों से बने इस गड्ढे में ठेकेदार और नगर पंचायत दोनों की नजर है, किन्तु इसे सुधारने में दोनों गंभीर नहीं हैं और नतीजा यह हुआ कि नगर पंचायत का ही एक कर्मचारी सड़क पर बने गड्ढे की वजह से गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल पहुंच गया।

मिली जानकारी के अनुसार घटना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने मुख्य सड़क की है। जहां पाईप लाईन के ऊपर ही सड़क का निर्माण कर दिया गया है और यह पाईप लाईन अब जगह-जगह से टूट रही है। जिसे नगर पंचायत की टीम दुरूस्त भी करती है। जबकि यह पूरा कार्य पीएचई और पीडब्ल्यूडी विभाग का है।

सूत्रों के अनुसार इसके पूर्व भी नगर पंचायत डोंगरगांव ने अनेक स्थलों में सड़क के नीचे पाईप लाईन में सुधार कार्य किया गया। जिसका 19 लाख रूपये का डिमांड पीडब्ल्यूडी विभाग से की गई है और कुछ माह से सड़क के बीच हुए इस गड्ढे के सुधार कार्य के लिए भी नगर पंचायत लगा हुआ था, किन्तु पीडब्ल्यूडी विभाग ने इसे रोक दिया और कार्य करने की एनओसी नहीं दी। इधर बीच सड़क पर पाईप लाईन टूटने की वजह से बना यह गड्ढा राहगीरों के लिए मुसीबत बन गया है। 24 अक्टूबर की दोपहर नगर पंचायत का एक ड्राईवर नरेन्द्र रामटेके उम्र 55 वर्ष निवासी सिनेमा लाईन इस गड्ढे की वजह से मोटर सायकल का बैलेंस खो दिया और गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे आनन-फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। जहां सिर में अधिक चोट लगने और लगातार खून बहने की वजह से नरेन्द्र को राजनांदगांव मेडिकल कालेज के लिए रिफर किया और समाचार लिखे जाने तक गंभीर हालत के चलते उसे रायपुर के लिए रिफर कर दिया गया है।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। वनांचल ग्राम मड़ियान के छ खिलाड़ियों ने 25वी राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित कबड्डी खेल में दुर्ग संभाग के टीम में हिस्सा बनकर जीता उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में रायपुर संभाग, सरगुजा संभाग, बस्तर संभाग का बीबीसी फाइनल में बिलासपुर के साथ हुआ मुकाबला। जिसमें कुमारी प्रीति, लीना, देविना, सोनिया मंडावी, वैष्णवी, चितेश्वरी मंडावी ने भाग लिया ये सभी मड़ियान मिडिल स्कूल के बच्चे है। इसके जीत पर शाला के प्राचार्य एस, बी सोमबरत एवं प्रधान पाठक हेमलाल चंद्रवंशी उनके कोच हरीश साहू, शाला के स्टॉप राम मोहन द्विवेदी, चंद्रकांत डोंगरे, विजय ताम्रकार, जितेंद्र वर्मा व ग्राम के सरपंच तुम्मन मंडावी ने उनका स्वागत किया बधाई दिया।

## नशाखोरी के चलते आपराधिक गतिविधियों में इजाफा



**० अर्जुनी में चाकूबाजी करने वालों व बदमाशों पर पुलिस सख्त**
**० कोहका में असासाजिक तत्व भी पुलिस की गिरफ्त में**

डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र में शराबखोरी और बढ़ते नशाखोरी के चलते आपराधिक गतिविधियों में भी बड़ा इजाफा हो रहा है। इन अपराधों में अनेक पीड़ित तो थाने तक भी नहीं पहुंच पाते और मामला आयी गई हो जात है। वहीं अब डोंगरगाँव अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कमर कस ली है और बदमाशों पर सख्ती से पेश आ रही है। पुलिस उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक कृष्णा पाटले द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रख रही है और इसी का नतीजा है कि ग्राम अर्जुनी में शराब भट्ठी के बाहर रास्ते में चाकूबाजी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें सोहिल विश्वकर्मा पिता शिव विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष, छत्रपाल विश्वकर्मा उर्फ सोनू पिता बृजलाल विश्वकर्मा 25 वर्ष, मंजीत गोंड़ पिता राम गोंड़ 24 वर्ष सभी निवासी रामपुर वार्ड नं. 14 थाना लालबाग राजनांदगांव शामिल हैं। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। वहीं दूसरा मामला ग्राम कोहका का है। जिसमें मातर त्यौहार में विवाद कर मारपीट करने वाले बदमाशों के विरूद्ध 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के अन्तर्गत थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए 4 आरोपियों को एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। इन आरोपियों में हिरेन्द्र कुमार साहू पिता गोपीराम साहू उम्र 23 साल, योगेश साहू पिता सुरजभान साहू उम्र 19 साल, संतोष पटेल पिता लालाराम पटेल उम्र 19 साल, प्रमोद मेश्राम पिता विजय मेश्राम उम्र 25 साल सभी निवासी ग्राम कोहका थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव शामिल हैं। उक्त कार्यवाही में थाना डोंगरगांव के प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पाटले, स.उ.नि. देवकुमार रावटे, म.प्र.आर.विनीता पैकरा, आरक्षक धर्मेन्द्र माण्डले, आरक्षक चन्द्रप्रकाश हरमुख, चंद्रकांत सोनी की भूमिका रही।

## पहला कॉलम...

### अवैध शराब बिक्री पर डोंगरगांव पुलिस की बड़ी कार्यवाही




डोंगरगांव (दावा)। आबकारी विभाग के अनदेखी के चलते क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री में ग्रामीण युवक बड़ी संख्या में संलिप्त हैं। जल्द लखपति बनने के चक्कर में पड़े नवयुवक इस धंधे में आकर जेल तक जरूर पहुंच जाते हैं। इसी क्रम में एक वर्ष से कुमर्दा निवासी डिगेश्वर साहू भी अब पुलिस के चंगुल में फंसा और जेल पहुंच गया। उच्च अधिकारी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति.पुलिस अधीक्षक राहुलदेव शर्मा एवं एसडीआपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के दिशा निर्देशन में 23 अक्टूबर को थाना प्रभारी कृष्ण देव पाटले के नेतृत्व में अवैध शराब विक्रय पर एक बार फिर बड़ी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में ग्राम कुमर्दा निवासी डिगेश्वर साहू पिता घनश्याम साहू उम्र 33 वर्ष नामक व्यक्ति डामर प्लांट के सामने मोंगरा नहर पुलिया ग्राम कुमर्दा के पास बड़ी मात्रा में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार करने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिसके बाद घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही करते हुए डोंगरगांव पुलिस ने 336 पौवा देशी प्लेन शोले ब्रांड शराब कीमत 26880 रूपये एवं शराब बिक्री रकम 960 रूपये कुल 27840 रूपये बरामद कर जप्त किया गया और धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर ज्युडिसियल रिमांड में न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया। जहां से आरोपी डिकेश्वर साहू को जेल दाखिल करवा दिया गया है। इस कार्यवाही में थाना डोंगरगांव के प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पाटले, स.उ.नि.चेतुराम आर्य, आरक्षक धर्मेन्द्र माण्डले, आरक्षक चंद्रप्रकाश हरमुख व साइबर टीम के मनीष, अमित और शुक्ला की भूमिका रही।

### गौरी गौरा पूजा नगर के विभिन्न वार्डो में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



डोंगरगढ़(दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में दीपावली पर्व पर गौरी गौरा पूजा नगर के विभिन्न वार्डों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वार्ड नंबर 24 कश्मीरी पारा में गौरी गौरा उत्सव समिति द्वारा बड़े धुमधाम से गौरी गौरा विसर्जन महावीर तलाव किया गया। इस विसर्जन में मोहल्ले के पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

### ग्राम पंचायत गैंदाटोला में गोवर्धन पूजा, पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा हुई शामिल



छुरिया (दावा)। ग्राम पंचायत गैंदाटोला एवं समस्त ग्रामवासी के संयुक्त प्रयास से 22 अक्टूबर को गैंदाटोला में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत छुरिया के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा एवं प्राधिकरण के पूर्व सदस्य मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्रीमती राजकुमारी मनोज सिन्हा ने पारंपरिक विधि से गोवर्धन पर्वत की पूजा-अर्चना की और गौमाता का आशीर्वाद लिया। नगर पंचायत छुरिया के पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गोवर्धन पूजा सिर्फ धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, प्रकृति और गौसंवर्धन के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गौवंश भारत की अमूल्य धरोहर है और इसके संरक्षण के लिए समाज को मिलकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर सरपंच कमल नारायण गुप्ता, मनीष गुप्ता, प्रकाश शर्मा, भीखम देवांगन, पूर्व सरपंच खलील कुरैशी, मंडल अध्यक्ष राजील कुरैशी, राजू राजपूत, उत्तम सोनी, पन्ना देवांगन, नरेंद्र मानिकपुरी, पंचगण दद्दू यादव, माही यादव बड़ी सहित ग्रामीणजन एवं अन्य शामिल थे।

### छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत जप्तशुदा वाहन राजसात

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जितेन्द्र यादव ने ग्राम दाऊटोला तहसील डोंगरगांव निवासी रोहित खोब्रागढ़े के स्वामित्व की जप्तशुदा वाहन टाटा एसीआई छोटा हाथी क्रमांक सीजी-08/बी 2379 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है।

## बीच सड़क पर गिट्टी और गड्ढे बने राहगीरों की आफत !



**पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से गुण्डरदेही-उमरवाही मार्ग भयावह**

जोंधरा (दावा)। जिस सड़क विभाग (पीडब्ल्यूडी) को मार्गों को सुगम बनाने की जिम्मेदारी मिली है। आज उसी विभाग की लापरवाही राहगीरों के लिए मार्ग को जटिल और खतरनाक बना रही है। इसका ज्वलंत उदाहरण गुण्डरदेही-उमरवाही मार्ग पर देखा जा सकता है। जहां पीडब्ल्यूडी द्वारा हाल ही में बनाए गए नवीन पुलिया निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है।

**एक माह पहले बने पुलिए, गड्ढे और गिट्टी जस के तस**

ग्राम गिदर्री पहुंचने से लगभग दो किलोमीटर पहले दो पुलियों का निर्माण किया गया है। विभाग ने सड़क खोदकर सीमेंट की पुलिया तो डाल दी, लेकिन गड्ढों को पुल के स्तर तक अब तक पाटा नहीं गया है। गड्ढों को भरने के लिए मंगाई गई गिट्टियां भी पिछले बीस दिनों से सड़क के बीचों-बीच रखी हुई हैं। इस लापरवाही के कारण राहगीर आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। यह संयोग ही है कि अब तक किसी राहगीर को जान नहीं गँवानी पड़ी है। ज्ञात हो कि पंद्रह दिन पहले एक हाईवा क्रमांक सीजी -08/एजी 7196 इसी नवीन पुल में घंटों फंसा रहा। जिसे बड़ी मशक्कत के बाद निकाला जा सका था।

**रात होते ही छा जाता है सन्नाटा और डर**

मार्ग की भयावहता रात में और भी बढ़ जाती है। सड़क के दोनों किनारों पर लगी घनी झाड़ियां और वन विभाग का घना जंगल मिलकर रात में मार्ग को डरावना बना देते हैं। ऊपर से कई जगहों पर कटी सड़क, उखड़ी गिट्टियां, बोल्डर और सड़क के बीचों-बीच बहता पानी रात में गुजरने वाले यात्रियों के लिए किसी डरावनी फिल्म से कम नहीं है।

**रोजाना होती है यात्री बसों और कर्मचारियों की आवाजाही**

इन खतरनाक परिस्थितियों के बावजूद, यह मार्ग राजनांदगांव जिले से बालोद जिले के रेंगाडबरी, मंगचुवा और डौंडीलोहारा तक यात्री बसों की आवाजाही का मुख्य रास्ता है। सैकड़ों शासकीय कर्मचारी और विद्यार्थी भी प्रतिदिन इसी मार्ग से गुजरते हैं। क्षेत्र के प्रबुद्ध ग्रामीणों ने सड़क विभाग से तत्काल यह मांग की है कि पुलिया सहित अन्य जगहों पर बने गड्ढों को शीघ्र समतल किया जाए और मार्ग का डामरीकरण किया जाए, ताकि बड़ी दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

### आज मुरमुंदा में कबीर पंथ के जिला स्तरीय बैठक

डोंगरगांव (दावा)। कबीरपंथ के सोलहवें वंश गुरुपंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहेब के आगमन की तैयारी हेतु कबीर कुटी मुरमुंदा डोंगरगढ़ में कबीर पंथ की विशेष बैठक आहुत किया गया है। केडीव्ही मिशन के जिला प्रतिनिधि उत्तम साहेब ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अक्टूबर रविवार को आयोजित इस बैठक में आगामी पंथ हुजूर उदितमुनि नाम साहेब का डोंगरगढ़ आगमन को लेकर तैयारी हेतु यह बैठक बुलाई गई है। जिसमें जिले के सभी कबीरपंथियों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

## गौरी-गौरा विसर्जन में भक्ति और परंपरा का अदभुत संगम



डोंगरगढ़ (दावा)। आस्था और लोक परंपरा का संगम, प्रसिद्ध लोक पर्व गौरी-गौरा का विसर्जन ग्राम अछोली में भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण में सरपंच नंदकुमार साहू, गौरी गौरा विसर्जन सुकलू, बसंत धुर्वे की अगुवाई में संपन्न हुआ। नया अछोली, पुराना अछोली में स्थापित की गई गौरी-गौरा की मूर्तियों को बाजे-गाजे और सोहर गीतों के साथ तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान पंक्तिबद्ध विसर्जन यात्रा की परंपरा ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने उत्साह से भाग लिया।

त्योहार की शुरुआत अत्यंत पारंपरिक तरीके से हुई। मोहल्लों में रात में मिट्टी की मूर्तियों को बनाकर गौरी-गौरा के चबूतरों को विशेष रूप से सजाया गया। रात मूर्तियों की स्थापना के बाद,वार्ड की महिलाओं ने भक्तिभाव से सोहर गीत गाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। विसर्जन की शुरूआत सुबह नौ बजे हुई। पारंपरिक बाजे-गाजे और भक्ति गीतों की धुन पर आतिशबाजी के साथ नाचते-गाते हुए भक्त गौरी-गौरा को पास की तालाब तक ले गए। विसर्जन यात्रा का खास आकर्षण प्राचीन परंपरा रही।

## जोंधरा में स्वच्छता दीदीयों को नहीं मिल रहा मानदेय, पांच माह से काम बंद




*(राजेश मेश्राम)*

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत जोंधरा में पंचायत स्तर पर सफाई व घर-घर कचरा ढ़ोने का काम करने वाली स्वच्छता दीदीयों को विगत पांच माह से पंचायत द्वारा मिलने वाला मानदेय नहीं मिलने से स्वच्छता दीदीयों ने काम करना बंद कर दिया है। जिससे ग्राम जोंधरा में सर्वत्र ही गंदगी का आलम दिखाई दे रहा है। समूह की सदस्यता सेवती बाई भंडारी, मानकुंवर पिस्दा, पेमबती भंडारी सहित समस्त महिला सदस्यों ने प्रतिनिधि को बताया कि वे पिछले दो साल से ग्राम जोंधरा स्वच्छता अभियान के तहत कचरा ढोने का काम कर रही है, पर पिछले पांच माह से उन्हे पंचायत द्वारा मानदेय नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरपंच से शिकायत करने पर वे सचिव के पास जाने कहती है और सचिव के पास जाने पर सरपंच के पास भेजते हैं। दीदीयों ने बताया कि उन्हे पंचायत से 24000 रूपये बकाया राशि लेनी है और जब तक राशि पूरी नहीं मिल जाती। वे लोग वापस काम पर नहीं लौटेंगी। स्वच्छता दीदी सेवती भंडारी ने बताया कि उन्हे प्रतिमाह पंचायत की ओर से मानदेय के रूप में 3000 की दर से भुगतान किया जा रहा था, जबकि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार द्वारा स्वच्छता दीदीयों का मासिक मानदेय 6000 किया जा चुका है। बावजूद इसके हम 3000 रूपये में ही संतुष्ट होकर काम कर रहे थे पर वे मानदेय भी पंचायत द्वारा हमें प्रदान नहीं किया जा रहा है।

> स्वच्छता अभियान में जुड़ी स्वच्छता का मानदेय नहीं रोका जाना चाहिए। ये पंचायत सचिव पर निर्भर करता है। पंचायत सचिव जनपद में उनका मानदेय बनाकर जमा करें। हम तत्काल उनका भुगतान करायेंगे।
>
> **होरीलाल साहू**
> **मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
> **जनपद पंचायत छुरिया**

## प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती ने गौरा गौरी चबूतरे का किया लोकार्पण

**गौरा-गौरी की मूर्ति 50 वर्ष से चबूतरे की देखभाल करने वाले नेताम परिवार के द्वारा सम स्वेच्छा से भेंट की गई**



डोंगरगढ़ (दावा)। दीपावली पर्व के दूसरे दिन मंगलवार को इंदिरा नगर वार्ड 5 में गौरा गौरी चबूतरे का लाकार्पण प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष रामजी भारती के द्वारा किया गया। इस दौरान इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील जैन, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना व वार्ड की पार्षद प्रीति चमन समुंद्रे प्रमुख रूप सें उपस्थित थे।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती ने कार्यक्रम में पहुंचे वार्ड वासियों को गोवर्धन पूजा व भाई दूज की बधाई देते हुए, कहा कि पिछले एक महीने से लगातार हम पर्व मना रहे है। दीपावली जैसे प्रमुख पर्व में,हम अपने - अपने घरों में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं। ऐसा ही ध्यान हमें अपने आसपास व वार्ड में भी रखना चाहिए। जिससे कि हमारा वार्ड व हमारा शहर साफ सुथरा रहे। गौरा गौरी का यह पर्व शिव पार्वती का प्रतीक माना जाता है। हमारे पूरे प्रदेश में यह पर्व काफ़ी धूमधाम के साथ बनाया जाता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे नें वार्ड वासियों को गोवर्धन पूजा की बधाई दी, व वार्ड में पानी की समस्या जैसी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए लोगों को आश्वासन दिया कि आने वाले कुछ दिनों में समस्या दूर हो जाएगी। वहीं कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का प्रीति चमन समुंद्रे के द्वारा आभार जताया गया। बताया जाता है कि गौरा चौरा चबूतरे के लोकार्पण के दौरान, गौरा गौरी की मूर्ति 50 वर्ष से चबूतरे की देखभाल करने वाले नेताम परिवार के द्वारा स्वेच्छा से भेंट की गई।

## आज से आस्था स्वच्छता व सेवा का महापर्व छठ की होगी शुरुआत

डोंगरगढ़ (दावा)। आस्था के महापर्व छठ पूजा की शुरुआत आज शनिवार को नहाय-खाय से होगी। 26 अक्टूबर रविवार को खरना के साथ व्रती 36 घंटे के उपवास की शुरुआत करेंगे। 27 अक्टूबर सोमवार की शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। 28 अक्टूबर मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा।



**28 को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देने के बाद महापर्व का होगा समापन**

धर्मनगरी डोंगरगढ़ में यह पर्व महावीर तालाब व करवारी बांध में प्रतिवर्ष मनाया जाता रहा है। समाज प्रमुखों की माने तो चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व में आस्था स्वच्छता व सेवा इन तीन भाव में समाज के लोग यह महापर्व मनाते हैं। महावीर तालाब में इस महापर्व को देखते हुए प्रशासन व समाज के लोगों के द्वारा व्यापक तैयारी भी की जाती है। जिसमें समाज प्रमुख बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

**छठ और सात्विकता**

समाज प्रमुखओं की माने तों छठ और सात्विकता एक दूसरे के पूरक हैं। वैसे तो छठ की शुरुआत नहाय-खाय से होती है, लेकिन सात्विक खाने की शुरुआत 20 दिन पहले कार्तिक महीने के शुरू होते ही हो जाती है। छठ के पहले दिन नहाय खाय में व्रती अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी ग्रहण कर शरीर को सात्विक बनाते हैं। दूसरे दिन 24 घंटे के निर्जला उपवास के बाद गुड़ की खीर के साथ रोटी ग्रहण करते हैं। इससे व्रती का शरीर पूरी तरह से सात्विकता के चरम को प्राप्त कर लेता है। फिर उसी स्थिति में 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाता है। इसके बाद व्रती बांस से बने सूप में पूजा की सामग्री रख,अस्ताचलगामी सूर्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देते हैं।

**शुद्धता और पवित्रता के लिए नए सूप व चूल्हे का प्रयोग**

समाज के लोगों की माने तो हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा में बांस से बने सूप का खास महत्व है। बांस को शुद्धता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। छठव्रती घर में खरना का प्रसाद जैसे गुड़ की खीर, रोटी और ठेकुआ नए मिट्टी के चूल्हे पर ही बनाते हैं। इन सबके पीछे जो सबसे मुख्य कारण है, वह है मिट्टी की पवित्रता। मिट्टी को शुद्ध माने जाने के कारण प्रसाद मिट्टी के चूल्हे पर ही बनाए जाते है।

## दीपावली भाई दूज पर डीजे रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता : जनपद सदस्य संदीप मेश्राम हुए शामिल



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जोरातराई और तेलीटोला में दीपावली के पावन पर्व भाई दूज के उपलक्ष्य में एक डीजे रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्षेत्र के जनपद सदस्य संदीप मेश्राम इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए। उनके कर कमलों द्वारा सरस्वती माता की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जनपद सदस्य श्री मेश्राम ने इस सफल आयोजन के लिए युवा मित्र मंडल उत्सव आयोजन समिति और समस्त ग्रामवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शेश्वरी धुर्वे (जिला पंचायत), सरपंच योगेश कोड़ापे, उपसरपंच धरमपटवा, पुरन साहू, विनोद मंडलोई, कुंदन निर्मलकर, रूप सींग, सुनील गायकवाड़, जागृत मानिकपुरी, अम्बा बाई एवं आयोजन समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

CMYK



# पहला कॉलम...

## स्त्री-2 फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। बॉलीवुड गायक और संगीतकार सचिन सांघवी को एक युवती को संगीत एल्बम में मौका देने और शादी का वादा करके कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि 'स्त्री 2' और 'भेड़िया' के हिट गानों के लिए मशहूर सांघवी को बृहस्पतिवार को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता ने दावा किया कि वह फरवरी 2024 में सांघवी के संपर्क में आई थी और गायक ने %इंस्टाग्राम% पर उसे एक संदेश भेजा था। अधिकारी ने बताया कि गायक-संगीतकार ने कथित तौर पर उसे अपने संगीत एल्बम में मौका देने का वादा किया था और दोनों ने एकदूसरे को अपने फोन नंबर दिए थे। उन्होंने बताया कि युवती ने आरोप लगाया है कि सांघवी ने उसे अपने स्टूडियो में बुलाया और शादी का प्रस्ताव देकर कई मौकों पर उसका यौन उत्पीड़न किया। उन्होंने बताया कि जांच के बाद गायक को गिरफ्तार कर लिया गया।

## भारत की विज्ञापन दुनिया का जादूगर चला गया... 70 साल की उम्र

नई दिल्ली। भारतीय विज्ञापन जगत की आवाज, मुस्कान और क्रिएटिविटी का चेहरा कहे जाने वाले पीयूष पांडे अब हमारे बीच नहीं रहे। 70 साल की उम्र में शुक्रवार को उनका निधन हो गया। पांडे सिर्फ एक विज्ञापन एक्सपर्ट नहीं, बल्कि ऐसे कहानीकार थे जिन्होंने भारतीय विज्ञापन को उसकी अपनी भाषा और आत्मा दी। पीयूष पांडे की बहन ईला ने कहा कि बहुत दुख और टूटे दिल के साथ आपको यह बताते हुए मैं बेहद पीड़ा महसूस कर रही हूं कि आज सुबह हमारे प्यारे और महान भाई, पीयूष पांडे का निधन हो गया। आगे की जानकारी मेरे भाई प्रसून पांडे द्वारा शेयर की जाएगी।

जयपुर में जन्मे पीयूष पांडे के जीवन की शुरुआत भी दिलचस्प रही। वे पहले राजस्थान की रणजी ट्रॉफी टीम के क्रिकेटर थे और चाय की क्वालिटी चेक (टी-टेस्टर) का काम भी कर चुके थे। उन्होंने कहा कि इन अनुभवों से उन्हें टीमवर्क और चीजों को ध्यान से देखने का महत्व समझ आया। चार दशकों से भी ज्यादा के करियर में उन्होंने ऐसे विज्ञापन बनाए जो आम लोगों की इमोशन्स से जुड़े एशियन पेंट्स का ÷हर खुशी में रंग लाए÷, कैडबरी का ÷कुछ खास है÷, फेविकोल का आइकॉनिक ÷एग÷ ऐड और हच के पग वाला विज्ञापन आज भी लोगों के जेहन में बसे हैं।

## अफगानिस्तान में फिर कांपी धरती, महसूस किए गए भूकंप के झटके

नई दिल्ल। अफगानिस्तान में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप के झटके राजधानी काबुल और उसके आसपास के इलाकों में महसूस किए गए हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक, यह भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 6ः09 बजे आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.7 मापी गई और इसका केंद्र जमीन से करीब 80 किलोमीटर गहराई में था। भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अफगानिस्तान में पिछले कुछ महीनों में कई बार धरती कांपी है। मंगलवार (21 अक्टूबर) तड़के भी 4.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। इससे पहले 17 अक्टूबर को उत्तरी अफगानिस्तान में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया था। हाल के दिनों में इसी साल एक सितंबर को अफगानिस्तान में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया था जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई थी। भूकंप का केंद्र जालालाबाद से 27 किलोमीटर दूर, 10 किलोमीटर गहराई पर था।

## हर बेटी शादी के बाद नहीं मांग सकती पिता की संपत्ति में हक

नई दिल्ली। कई बार शादीशुदा बेटियां पिता की संपत्ति में अपना हक मांगती हैं. लेकिन हर मामले में यह अधिकार नहीं मिलता. हाल ही में सामने आए एक फैसले ने इस नियम को लेकर कई लोगों की गलतफहमी दूर कर दी है. अदालत ने साफ किया है कि कुछ स्थितियों में बेटी पिता की पैतृक संपत्ति पर दावा नहीं कर सकती.

मामला हिंदू परिवार से जुड़ा था. जिसमें संपत्ति के अधिकार को लेकर पिता की मृत्यु के साल का अहम रोल सामने आया. अदालत ने पुराने कानूनों के आधार पर जो फैसला सुनाया उसने यह स्पष्ट कर दिया कि हर बेटी को पिता की संपत्ति में बराबर का हक नहीं मिलता. जान लें किन बेटियों को नहीं मिलता पिता की पैतृक संपत्ति में हिस्सा. हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के तहत बेटियों को पिता की पैतृक संपत्ति में हिस्सा मिलता है.

अगर किसी बेटी के पिता की मृत्यु साल 1956 के बाद हुई है. तो फिर घर की पैतृक संपत्ति पर 1956 का हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम लागू होगा. यानी भले ही पिता के कितने ही बेटे हो लेकिन परिवार की बेटी को भी हिस्सा मिलेगा. आपको पता दें 1956 से पहले जब हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम लागू नहीं हुआ था. तब बेटियों को बराबरी का अधिकार नहीं मिलता था. उन्हें संपत्ति पर हिस्सा तभी मिलता था. जब परिवार में कोई बेटा मौजूद न हो. लेकिन 1956 के बाद जब हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम लागू हुआ तो बेटियों को भी बराबरी का हक मिलने लगा.

# वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएगी पाकिस्तान की टीम, टूर्नामेंट से वापस लिया नाम



नई दिल्ली। मेन्स जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप का आगाज होने में अब एक महीने से भी कम समय बचा है, लेकिन पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला कर लिया है। यह टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाना है। पाकिस्तान ने इसका कारण भारत के साथ मौजूदा राजनीतिक तनाव बताया है। पाकिस्तान को ग्रुप बी में भारत, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया था। अब स्नद्ध॥यह निर्णय लेगा कि किसी अन्य टीम को उनके स्थान पर बुलाया जाए।

टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने सरकार से परामर्श करने के बाद यह निर्णय लिया और अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (स्नद्ध) को आधिकारिक रूप से सूचित किया। स्नद्ध॥ इसके बाद हॉकी इंडिया को भी जानकारी देगा। यह भारत में होने वाला दूसरा हॉकी टूर्नामेंट हैं, जिससे पाकिस्तान ने नाम वापस लिया है। इससे पहले उन्होंने बिहार के राजगीर में हुए मेन्स एशिया कप से भी नाम वापस लिया था।

PHF के सचिव राणा मुजाहिद ने जानकारी देते हुए कहा कि हां, मौजूदा परिस्थितियां अनुकूल नहीं हैं। हाल ही में हुए एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट ने दिखा दिया कि भारत में पाकिस्तान के खिलाफ भावनाएं बहुत तीव्र हैं। हमारे खिलाड़ी और उनके खिलाड़ियों ने हैंड शेक नहीं किया। उन्होंने ट्रॉफी भी नहीं ली।

PHF के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला पाकिस्तान सरकार और स्पोर्ट्स बोर्ड की सलाह के बाद लिया गया। सरकार ने हमें बताया कि मौजूदा राजनीतिक तनाव में भारत भेजना सुरक्षा की दृष्टि से जोखिम भरा होगा। इसलिए हमने टीम को नहीं भेजने का निर्णय लिया। अधिकारी ने कहा कि हमें पता है कि यह जूनियर टीम के लिए बड़ा नुकसान है, लेकिन इतनी नकारात्मक भावनाओं के बीच यह निर्णय सही और समझदारी भरा है।

पाकिस्तान ने अगस्त में एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से भी नाम वापस लिया था। उस समय उनका स्थान बांग्लादेश ने लिया था। उस फैसले के चलते पाकिस्तान अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया।

पाकिस्तान जूनियर टीम ने हाल ही में सुल्तान ऑफ जोहोर कप (मलेशिया) में भारत के खिलाफ खेला था, जो 3-3 ड्रा रहा। दोनों टीमों ने मैच से पहले हाई-फाइव किया था। जूनियर टीम पिछले एक साल से वर्ल्ड कप की तैयारी कर रही थी और तीन इंटरनेशनल सीरीज खेल चुकी थी, लेकिन अब वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएगी।

# अफगानिस्तान पर आईसीसी ने पूरी टीम पर लगाया जुर्माना



नई दिल्ली। अफगानिस्तान की टीम के लिए जिम्बाब्वे दौरे का आगाज बिल्कुल भी अच्छा नहीं रहा, जिसमें उन्हें एक मैच की टेस्ट सीरीज के मुकाबले में पारी और 73 रनों से हार का सामना करना पड़ा। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए इस मैच में अफगान टीम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी खराब देखने को मिला। वहीं इस मैच के खत्म होने के बाद अफगानिस्तान टीम को एक बड़ा झटका आईसीसी की तरफ से भी लगा जिसमें सभी प्लेयर्स की मैच फीस पर जुर्माना लगाया गया है। जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान के बीच खेले गए हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर एकमात्र टेस्ट मैच में मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी में 359 रनों का स्कोर बनाया था। इस मैच में अफगानिस्तान टीम को धीमे ओवर रेट के चलते मैच फीस पर 25 फीसदी जुर्माने का सामना करना पड़ा है। इस मुकाबले में मैच रेफरी की भूमिका निभा रहे रिची रिचर्ड्सन ने सभी प्लेयर्स की मैच फीस पर 25 फीसदी जुर्माना लगाने की सजा सुनाई जिसमें अफगानिस्तान टीम ने 5 ओवर तय समय से कम फेंके थे। इस मामले में एक रेफरी के सामने जब औपचारिक सुनवाई हुई तो उ स म ` ' अफगानिस्तान टीम के कप्तान हशमतुल्ला शाहिदी ने मैच रेफरी की तरफ से लगाए गए इस जुर्माने को मान लिया, जिसके बाद अब इसकी आगे कोई सुनवाई नहीं होगी। इस एक मैच की टेस्ट सीरीज के मुकाबले को लेकर बात की जाए तो अफगानिस्तान की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला जिसमें वह अपनी पहली पारी में सिर्फ 127 रन बनाकर सिमट गए।

# भारत से सीरीज के बीच ऑस्ट्रेलिया में मैक्सवेल की वापसी

नई दिल्ली । भारत के खिलाफ चल रही सीरीज के बीच में ही ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम में कई बड़े बदलावों की घोषणा की है। ये बदलाव आखिरी वनडे मैच के साथ-साथ 29 अक्टूबर से शुरू हो रही ञ्20 सीरीज के लिए भी किए गए हैं। इस फेरबदल की जद में कुल 9 खिलाड़ी आए हैं।

सबसे बड़ी खबर विस्फोटक ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को लेकर है, जो अपनी चोट से उबरकर टीम में वापसी कर रहे हैं। मैक्सवेल को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले नेट्स पर प्रैक्टिस के दौरान कलाई में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके चलते उन्हें क्रिकेट से दूर होना पड़ा था।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 टी20 मैचों की सीरीज खेली जानी है। ग्लेन मैक्सवेल शुरुआत में टीम का हिस्सा नहीं होंगे, उन्हें पहले दो मैचों के लिए आराम दिया गया है। लेकिन, मैक्सवेल को तीसरे, चौथे और 5वें ञ्20 के लिए टीम में शामिल किया गया है।

मैक्सवेल के अलावा, 20 साल के तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन को सरप्राइज पैकेज के तौर पर तीसरे, चौथे और 5वें टी20 के लिए चुना गया है। बेन ड्वारशुइस को चौथे और 5वें टी20 के लिए टीम में शामिल किया गया है, जबकि जोश फिलिप पांचों टी20 मैचों में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा बने रहेंगे। टी20 टीम से दो बड़े खिलाड़ी सीरीज के बीच से ही बाहर हो जाएंगे। दिग्गज तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड पहले दो टी20 मैच खेलने के बाद टीम से बाहर हो जाएंगे।

# 1 नवम्बर को अवकाश घोषित: राज्य स्थापना दिवस पर सभी शैक्षणिक रहेंगी बंद, आदेश जारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन ने 1 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों के लिए अवकाश घोषित किया हैं। इसको लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने बाकायदा आदेश जारी कर दिया है।



### सीएम साय ने लिया तैयारियों का जायजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 नवंबर को राज्योत्सव समारोह में हिस्सा लेने रायपुर पहुंचेंगे। ऐसे में उनके आगमन को लेकर तैयारियां तेज हो रहीं हैं। शुक्रवार को सीएम विष्णुदेव साय ने दौरे से पहले सभी कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। 12 लोकनृत्यों के माध्यम से पीएम मोदी का स्वागत किया जायेगा। एयरपोर्ट से नवा रायपुर M-01 आवास तक 12 मंच बनाए गए हैं। हर मंच पर एक लोकनृत्य के माध्यम से कलाकार स्वागत करेंगे। शैला नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा की अलग- अलग मंचों से प्रस्तुति दी जाएगी। मंचों में कलाकारों के साथ BJP कार्यकर्ता P M का स्वागत करेंगे।

### पीएम मोदी के होंगे पांच कार्यक्रम

निरीक्षण के बाद सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, एक नवंबर को छत्तीसगढ़ के निर्माण को 25 साल हो जाएंगे। रजत जयंती वर्ष पर प्रधानमंत्री मोदी छत्तीसगढ़ आएंगे। दिनभर में प्रधानमंत्री मोदी के 5 कार्यक्रम होंगे। सीएम श्री साय ने आगे कहा कि, पहले सत्य साई अस्पताल प्रधानमंत्री मोदी जाएंगे। जहां वे अस्पताल में 2500 बच्चों से मुलाकात करेंगे और प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के नए भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वे नए विधानसभा भवन का लोकार्पण भी करेंगे। बहुत सुंदर ट्राइबल म्यूजियम बनकर तैयार है। जनजातीय समाज के 14 विद्रोह का चित्रण म्यूजियम में किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ट्राइबल म्यूजियम का भी लोकार्पण करेंगे।

### पीएम मोदी करेंगे नए विधानसभा भवन का लोकार्पण

नए विधानसभा भवन में पक्ष- विपक्ष के विधायकों की मौजूदगी को लेकर उन्होंने कहा कि, 31 अक्टूबर की रात रायपुर में पीएम मोदी रात्रि विश्राम करेंगे। सभी विधायक नए विधानसभा भवन के लोकार्पण में मौजूद रहेंगे। नक्सलियों के सरेंडर के दौरान पीएम मोदी के दौरे पर सीएम श्री साय ने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नक्सलवाद के खिलाफ संकल्प है। जवान मजबूती से नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। पुनर्वास नीति बहुत अच्छी है, इसलिए नक्सली सरेंडर कर रहे हैं।

# यूरोपियन यूनियन का भारत को झटका, 3 तेल कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध, रूस से तेल व्यापार पर कार्रवाई

नई दिल्ली। अमेरिका के बाद यूरोपियन यूनियन ने 3 तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाकर भारत को झटका दिया है. रूस से तेल व्यापार करने और रूस की तेल कंपनियों से लिंक होने के कारण भारतीय कंपनियों को प्रतिबंधित किया गया है, ताकि भारत पर आर्थिक दबाव आए और वह रूस से तेल खरीदना बंद कर दे.



इससे पहले अमेरिका ने रूस की 2 तेल कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया था और वहीं रूस से तेल व्यापार के लिए राष्ट्रपति ट्रंप ने बतौर पैनल्टी 25 प्रतिशत टैरिफ भारत पर लगाया हुआ है. बता दें कि यह प्रतिबंध रूस पर आर्थिक दबाव डालने के लिए लगाए जा रहे हैं, ताकि रूस को यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए आर्थिक मदद न मिले.

बता दें कि यूरोपियन यूनियन ने रूस पर आर्थिक दबाव डालने के मकसद से दुनियाभर की 45 कंपनियों को प्रतिबंधित किया है, जिनमें भारत की 3 कंपनियां भी शामिल हैं. वहीं जिन कंपनियों पर कार्रवाई हुई है, उनमें कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल मशीन टूल्स, माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स, मानव रहित हवाई वाहनों और अन्य प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनियां शामिल हैं.

आरोप हैं कि यह कंपनियां रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस की सैन्य और मिलिट्री इंडस्ट्री को फंडिंग कर रही हैं. प्रतिबंधित 45 कंपनियों में 12 कंपनियां चीन और हांगकांग की हैं. 3 भारत और 2 थाईलैंड की कंपनियां हैं. बाकी कंपनियों वे हैं, जिनके प्लांट्र, ऑफिस या फैक्ट्री रूस में नहीं हैं, लेकिन रूस की तेल कंपनियों से उनके लिंक हैं.

बता दें कि यूरोपियन यूनियन ने भारत की जिन 3 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, उनमें एयरोट्रस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड, असेंड एविएशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और श्री एंटरप्राइजेज शामिल हैं. एरोट्रस्ट कंपनी एविएशन सेक्टर से जुड़ी है और रूस को तकनीकी सहायता प्रदान करती है.

# अमिताभ बच्चन ने जयपुर पिंक पैंथर्स टीम की स्पोर्ट्समैनशिप को किया सलाम, दिवंगत मैनेजर को दिया सम्मान

नई दिल्ली । बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने बेटे और बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन की कबड्डी टीम जयपुर पिंक पैंथर्स की स्पोर्ट्समैन स्पिरिट को सलाम किया है और टीम के युवा सहायक प्रबंधक, वेदांत देवाडिगा को भी श्रद्धांजलि दी है। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर टीम का हौसला बढ़ाते हुए पोस्ट किया है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर जयपुर पिंक पैंथर्स (जेपीपी) टीम को लेकर पोस्ट डाला है, जिसमें उन्होंने टीम की स्पोर्ट्समैनशिप को सलाम किया है।



खिलाड़ियों ने माथे पर वेदांत के नाम का बैंड पहना है और मैदान में खेल रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, टीम जेपीपी, हमने अपने सहायक मैनेजर को अचानक दुखद निधन में खो दिया। हमने टीम को विकल्प दिया था कि वे न खेलें और दिवंगत के सम्मान में वॉकओवर दें, लेकिन टीम ने उनके सम्मान में खेला। उनकी याद में उनके नाम का हेडबैंड पहना। इंसान मरते हैं, स्पोर्ट्समैनशिप नहीं।

गुरुवार को पटना पाइरेट्स के साथ जयपुर पिंक पैंथर्स का मैच हुआ था और पटना पाइरेट्स ने जेपीपी को हरा दिया, लेकिन टीम ने पूरी मेहनत की और ये मैच सहायक मैनेजर वेदांत देवाडिगा को समर्पित कर दिया। बता दें कि 21 अक्टूबर यानी दीपावली वाले दिन जेपीपी टीम के वेदांत का निधन हो गया था। बताया गया कि वेदांत का निधन हार्ट अटैक की वजह से हुआ था। टीम ने सोशल मीडिया पर दुख जताते हुए निधन की जानकारी दी थी। टीम ने लिखा था, जयपुर पिंक पैंथर्स परिवार हमारे सहायक प्रबंधक, वेदांत देवाडिगा के असामयिक निधन से अत्यंत दुखी है। वह हमारे परिवार के प्रिय सदस्य थे, उनके जुनून और समर्पण की हमें बहुत याद आएगी। वहीं, दीपावली के समय ही दूसरी कबड्डी टीम यू मुंबा ने भी अपने युवा खिलाड़ी को खो दिया था। हालांकि उनके निधन का कारण सामने नहीं आया था।

# प्रथम पृष्ठ का शेष.....

**पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसेगा पाकिस्तान!.....**

पर 2021 में भारत के 250 मिलियन डॉलर निवेश से बनने जा रहा है। यह दो मिलियन लोगों को पीने का पानी देगा और 4,000 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में सिंचाई करेगा। तालिबान की यह पहल अफगानिस्तान की जल संप्रभुता को मजबूत करने और पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। इससे पाकिस्तान में जल संकट, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। पाकिस्तान ने पहले ही चेतावनी दी है कि यह कदम क्षेत्रीय जल संकट और ऊर्जा-खाद्य सुरक्षा पर गंभीर असर डाल सकता है। भारत के बाद अब अफगानिस्तान भी पाकिस्तान के पानी पर नियंत्रण की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। यह क्षेत्रीय जल-सुरक्षा और राजनीतिक तनाव को और बढ़ा सकता है।

**युवाओं का सशक्तीकरण, एनडीए सरकार की......**

आपकी क्षमता, सपने साकार होने से पैदा हुआ आत्मविश्वास, इसके साथ जब देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा जुड़ेगा तो आपकी ये सफलता केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं रहेगी, बल्कि देश की सफलता बन जाएगी। आज आपको केवल सरकारी नियुक्ति नहीं मिली है, आपको राष्ट्रसेवा में सक्रिय योगदान देने का अवसर मिला है। अपनी सरकार के एजेंडे को स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से देश विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। इसमें सबसे बड़ी भूमिका हमारे युवाओं की है, इसलिए युवाओं का सशक्तीकरण भाजपा-एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। आज रोजगार मेले युवाओं के सपनों को पूरा करने का माध्यम बन गए हैं। उन्होंने दावा किया कि अकेले इन रोजगार मेलों के जरिए बीते कुछ समय में ही 11 लाख से ज्यादा नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं। साथ ही जोड़ा कि ये प्रयास केवल सरकारी नौकरियों तक ही सीमित नहीं हैं। हमने देश में पीएम विकसित भारत रोजगार योजना भी शुरू की है। इसके तहत साढ़े तीन करोड़ युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं के रोजगार-स्वरोजगार के लिए सरकार द्वारा किए गए विभिन्न प्रयासों व योजनाओं का उल्लेख करते हुए पीएम मोदी ने हाल ही में किए गए जीएसटी रिफॉर्म को भी इन प्रयासों के साथ जोड़ा। कहा कि इस बार त्योहारों के इस मौसम में जीएसटी बचत उत्सव ने भी नए रंग भर दिए हैं। आप सब जानते हैं कि जीएसटी दरों में कटौती का कितना बड़ा रिफॉर्म हुआ है। इसका असर केवल लोगों की बचत तक ही सीमित नहीं है, नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफार्म से रोजगार के अवसरों को भी विस्तार मिल रहा है। समझाया कि जब हर रोज इस्तेमाल होने वाले सामान सस्ते होते हैं तो मांग भी बढ़ती है। जब मांग बढ़ती है तो उत्पादन और सप्लाई चेन को भी गति मिलती है और जब फैक्ट्रियां ज्यादा उत्पादन करती हैं तो नई नौकरियां पैदा होती हैं, इसीलिए ये जीएसटी बचत उत्सव रोजगार उत्सव में भी बदल रहा है। सरकार की नीतियों का फोकस युवाओं पर रहने का दावा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। हम भारत के युवा सामर्थ्य को भारत की बड़ी ताकत मानते हैं। हर क्षेत्र में हम इसी सोच और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। यहां तक कि हमारी विदेश नीति भी भारत के युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है।

**दूसरे देश की इच्छा के मुताबिक नहीं होगी....**

और निवेश को लेकर भी दोनों देशों के बीच वार्ता हुई है। मक्का और सोयाबीन जैसे कृषि पदार्थ को किसी अन्य रूप में भारत में लाने को लेकर भी दोनों देशों के बीच बातचीत हुई है। इन मुद्दों को सुलझने के बाद कमोबेश समझौता होने में दिक्कत नहीं होगी। अभी अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगा रखा है और अगस्त आखिर में इस शुल्क के अमल में आने के बाद अमेरिका के बाजार में भारतीय निर्यात में कमी आने लगी है। वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की बढ़ती भूमिका और भारत के बड़े बाजार को देखते हुए अमेरिका भी भारत से जल्द समझौता करना चाहता है। हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री के साथ बातचीत को लेकर ट्रंप के बयान से भी ऐसा प्रतीत हो रहा है।

**टैक्सपेयर्स के साथ इज्जत से पेश आएं....**

जल्दी कार्रवाई से राहत मिलती है। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी काउंसिल की गत बैठक में पंजीयन प्रक्रिया को सरल करने का फैसला किया गया था जिसके तहत आगामी एक नवंबर से तीन दिनों में जीएसटी पोर्टल पर कारोबारी अपना पंजीयन करा सकेंगे। तीन दिनों में पंजीयन की सुविधा उन कारोबारियों के लिए होगी जो स्व मूल्यांकन के तहत खुद यह घोषित करेंगे कि उनकी टैक्स देनदारी मासिक स्तर पर 2.5 लाख रुपए से अधिक नहीं होगी। दूसरा, अगर आवेदनकर्ता को डाटा के विश्लेषण के आधार पर जीएसटी प्रणाली उन्हें पहचान लेती है तो उनका पंजीयन भी तीन दिनों में हो जाएगा। अनुमान है कि इस सुविधा से 96 प्रतिशत नए आवेदकों को पंजीयन कराना आसान हो जाएगा। सीतारमण ने कहा कि गत 22 सितंबर से जीएसटी 2.0 के लागू होने से वैश्विक स्तर पर भारत के प्रगतिशील आर्थिक सोच की चर्चा हो रही है। जीएसटी में इतने बड़े सुधार से इस दशहरा और दिवाली के दौरान रोजगार के अवसर बढ़े हैं और आम लोगों को खरीदारी करना आसान हो गया। त्योहारी सीजन में खरीदारी से लेकर उत्पादन में बढ़ोतरी और ऑनलाइन बिक्री में इजाफा जीएसटी में सुधार का असर है।

**मुशर्रफ ने अमेरिका के हाथों में सौंप.....**

पाकिस्तान के परमाणु हथियारों पर कब्जा कर सकता है, तो उन्होंने इससे इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ऐसा नहीं होगा। सीआईए में 15 साल तक विश्लेषक और काउंटर-टेररिज्म ऑपरेशंस में काम करने वाले पूर्व अधिकारी ने कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान के परमाणु बम के वास्तुकार अब्दुल कादिर खान को मारने से सऊदी दबाव के चलते बचा लिया। अमेरिका के पास खान के ठिकाने, दिनचर्या और गतिविधियों की पूरी जानकारी थी, लेकिन सऊदी अरब ने हस्तक्षेप कर कहा कि कृपया उन्हें (एक्यू खान) छोड़ दें। हम एक्यू खान के साथ काम कर रहे हैं और पाकिस्तानी अधिकारियों के करीब हैं। किरियाकू ने इसे अमेरिकी नीति की बड़ी गलती बताया। उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस ने सीआईए और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को निर्देश दिया कि खान को निशाना न बनाया जाए। किरियाकू के अनुसार, यदि अमेरिका ने इस्राइल की तरह कार्रवाई की होती, तो खान को आसानी से खोजा और मार दिया जा सकता था। जॉन किरियाकू ने खुलासा किया कि अल-कायदा का संस्थापक ओसामा बिन लादेन, जो 9/11 हमलों के बाद अमेरिका के लिए सबसे खोजा जाने वाला आतंकवादी था, तोरा बोरा की पहाड़ियों से महिला के भेष में भाग निकला था। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर का अनुवादक वास्तव में अल-कायदा का एजेंट था और वह अमेरिकी सेना में घुसपैठ कर चुका था। उन्होंने बताया कि अक्तूबर 2001 में अमेरिकी सेना मानती थी कि बिन लादेन और अल-कायदा प्रमुख तोरा बोरा में घेरा गया था। अमेरिकी कमांड ने बिन लादेन को पहाड़ी से उतरने के लिए कहा। अनुवादक ने जनरल फ्रैंक्स को समझाया कि उन्हें सुबह तक महिलाओं और बच्चों को निकालने की अनुमति दी जाए। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद, बिन लादेन ने रात के अंधेरे में एक पिकअप ट्रक की मदद से पाकिस्तान भागने में सफलता पाई।

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा.....**

के नेतृत्व में 'शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़' की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप शिक्षा को राज्य की शीर्ष प्राथमिकता बनाया गया है। वित्त विभाग द्वारा 5000 शिक्षकों के पदों की भर्ती की सहमति देना इसी संकल्प का हिस्सा है। शिक्षा में किया गया प्रत्येक निवेश प्रदेश के भविष्य में किया गया निवेश है। इस निर्णय से स्कूलों में शिक्षकों की कमी पूरी होगी, ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ेगी और हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र को संसाधन उपलब्ध कराना हमारी सरकार की जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता दोनों है। - वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी शिक्षा राज्य के विकास की सबसे सशक्त आधारशिला है। हमारी सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और हर विद्यालय में योग्य शिक्षक उपलब्ध हों। वित्त विभाग द्वारा 5000 शिक्षकों के पदों पर भर्ती की सहमति उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। यह निर्णय न केवल शिक्षा के क्षेत्र को सशक्त करेगा, बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगा।

CMYK

## अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी के संबंध में ली बैठक







राजनांदगांव (दावा)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी के संबंध में बैठक ली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित चौहान एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव ने गणना प्रपत्र की प्रिंटिंग हेतु वेंडर की नियुक्ति की स्थिति, नगरीय क्षेत्र में अतिरिक्त बीएलओ की नियुक्ति का प्रस्ताव, हेल्प डेस्क, बीएलओ की मोबाईल डिक्शनरी के संबंध में, बीएलओ व बीएलए की ट्रेनिंग के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कैटेगरी सी/डी के एनालिसिस, बीएलओ के अपने निर्वाचन क्षेत्र में निवास करने के संदर्भ में चर्चा की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए वर्तमान मतदाताओं का मिलान पिछले एसआईआर के अनुसार मतदाताओं से किया जाना है।

## युवा ऊर्जा और अनुशासन को खेल से निखारें - विधायक यशोदा वर्मा



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा है कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह युवा ऊर्जा को निखारने और अनुशासन को स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि युवा जितना मैदान में पसीना बहाएंगे, उतना ही जीवन में सफलता की ऊँचाइयों को छूएंगे।

विधायक वर्मा बुधवार को छुईखदान ब्लॉक के ग्राम कानीमेरा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों से आत्मीयता से मुलाकात कर उनका परिचय प्राप्त किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक वर्मा ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल से आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीण अंचलों में अपार खेल प्रतिभाएं छिपी हुई हैं, जिन्हें पहचान कर सही मंच और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। विधायक वर्मा ने खिलाड़ियों से अपील की कि वे मेहनत और लगन के साथ खेलते हुए प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और जनप्रतिनिधियों का यह दायित्व है कि वे युवाओं को खेलों के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराएं, ताकि गांव-गांव से नई प्रतिभाएं सामने आ सकें। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोतीलाल जंघेल, नीलांबर वर्मा, हेमंत वैष्णव, अशोक जंघेल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## ग्रामवासी सामाजिक सद्भावना, सहयोग एवं आपसी भाईचारे को बनाए रखे - चंद्रेश ठाकुर



राजनांदगांव (दावा)। गोण्डवाना समाज अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि परस्पर सद्भावना, सहयोग एवं आपसी भाईचारा हमारे देश, समाज एवं ग्रामीण संस्कृति एवं परिवेश का अक्षय विरासत एवं अमूल्य निधि है। उन्होंने सभी ग्रामीणजनों को इस गौरवशाली विरासत एवं महान परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने की अपील की। श्री ठाकुर दीपावली के अवसर पर अपने गृह ग्राम मुरेर में आयोजित छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। वे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पटेल थानूराम नुरूटी ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिक्षक गणपत दास साहू, लतखोर निरूटी, किसन परतेती, रेशम नुरेसिया, राजूराम गोटा, हेमलाल नेताम, गौतर कमरो एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि गांव में विभिन्न पर्वों एवं उत्सवों के अवसर पर ग्राम के नवयुवकों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हमारे नवयुवकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक संबलता, गरीबी उन्मूलन, नशा मुक्ति अभियान, जरूरत मंदो का सहयोग जैसे रचनात्मक कार्यों में भी अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। श्री ठाकुर ने समाज व राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए आने वाले पीढ़ी को उच्च शिक्षित बनाने के लिए प्रण भी लेने को कहा। इसके अलावा उन्होंने नशापान को परिवार, समाज एवं राष्ट्र के सर्वनाश का कारण बताते हुए सभी लोगों को नशापान से सर्वथा दूर रहने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने ग्राम वासियों को आर्थिक रूप से सक्षम बनने के लिए व्यापार, व्यवसाय में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा गांव के मेधावी बच्चों, बीमार एवं जरूरतमंद लोगों के मदद हेतु कोष स्थापना कर हर संभव मदद उपलब्ध कराने के पुनीत कार्य में आगे आने को कहा। इस अवसर पर शिक्षक गणपत साहू, ग्राम पटेल थानूराम पटेल, लतखोर नुरूटी एवं शिक्षक किसन लाल ने भी युवाओं को उनके नैतिक जिम्मेदारी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोक कला मंच के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।

## मानव धर्म सेवा संस्थान निःशुल्क परामर्श एवं आयुर्वेदिक दवाई वितरण



खुज्जी (दावा)। आस पास के अंचल में मानव धर्म सेवा संस्थान मुनि ग्रेती आश्रम श्रषिकेशहरिव्दार के तत्वावधान में केशंर जैसी बिमारी को छोड़कर सभी प्रकार के बिमारीयों का पंडित रामपांडे वैद्यराज द्वारा नाड़ी देख कर ईलाज किया जा रहा है,बिमार लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर अपना ईलाज करवा रहें हैं। मानव सेवा संस्थान का यह कार्य बहुत ही सराहनीय है, ग्राम पंचायत के सरपंच अजय पंसारी ने इस कार्य के लिए संस्थान की भूरि भूरि प्रशंसा की है व लोगों से इस चिकित्सा का लाभ उठाने का निवेदन किया है।

## मीडियम पेसर बॉलर हर्ष उइके दुर्ग संभाग की टीम में शामिल

### अंडर 14 स्टेट टीम शामिल



राजनांदगांव (दावा)। क्रिकेट प्लेयर हर्ष उइके 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-2026 में प्रस्तावित दिनांक 28 अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 जिला सरगुजा में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित है। मिडियम पेस बॉलर हर्ष उइके सुपुत्र गौतम राम उइके (शिक्षक) कक्षा 8वीं बल्देव प्रसाद मिश्र उ.मा.शाला बसंतपुर का छात्र है। हेड कोच आरसीए संदीप शुक्ले के मार्गदर्शन में सुबह-शाम प्रशिक्षण प्राप्त कर कड़ी मेहनत कर रहे है।

उपरोक्त चयन होने पर एकेडमी परिवार की ओर से शुभकामनां दी गई। एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, छत्तीसगढ़ में रणजी, आई.पी.एल. चेन्नई व दिल्ली टीम प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, अमलाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा, सहायक कोच जोई थामस एवं उक्त खिलाड़ी के चयन होने पर सभी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी। महापौर प्रत्याशी आर.सी.ए. के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।

## पुरानी रंजिशवश हत्या करने की नियत से धारदार टंगिया से सिर में प्राणघातक हमला करने वाले आरोपीगण गिरफ्तार



खैरागढ़ (दावा)। पुरानी रंजिश के चलते हत्या करने की नियत से धारदार टंगिया से सिर प्राणघातक हमला किया। बुधवार 22 सितंबर को आरोपीगण लेखराम यादव, मुकेष यादव, उमेष यादव एवं मिलउराम यादव साकिनान जोम थाना छुईखदान जिला केसीजी के द्वारा पुरानी रंजिशवश आहत जगतराम गोंड को अश्लील गाली गलौज कर धारदार टंगिया से सिर में प्राणघातक वार किये।

इस प्रकरण में पुलिस के व्दारा त्वरित कार्यवाही कर आरोपीगण लेखराम यादव पिता मिलउ राम यादव उम्र 22 साल, मुकेश यादव पिता मिलउ राम यादव उम्र 28 साल, उमेश यादव पिता मिलउ राम यादव उम्र 24 साल, मिलउराम यादव पिता हगरू यादव उम्र 65 साल निवासी थाना छुईखदान, जिला केसीजी के विरूध्द अपराध क्रमांक 387/2025 धारा 109, 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत कार्यवाही कर आरोपी लेखराम यादव से घटना में प्रयुक्त टंगिया जप्त कर गुरुवार 23 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जिसे आदेशानुसार ज्यूडिशियल रिमांड पर सलोनी खैरागढ़ जेल भेजा गया।

## मुख्यमंत्री के आदेश की खुलेआम अवहेलना-शिक्षा विभाग के बाबुओं की लापरवाही से शिक्षकों की फीकी रही दिवाली



राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सभी विभागों के कर्मचारियों को दीवाली से पहले वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे, ताकि सरकारी कर्मचारी अपने परिवार के साथ खुशीपूर्वक त्योहार मना सकें। लेकिन इन निर्देशों को शिक्षा विभाग के कुछ बाबुओं ने हवा में उड़ा दिया।

सूत्रों के अनुसार, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया के बाबू कुशल कुमार सामंतकर एवं लाल बहादुर नगर के बाबू प्रदीप कुमार की लापरवाही के कारण संविदा शिक्षकों को अब तक वेतन नहीं मिल पाया है। शिक्षकों ने बताया कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद इन बाबुओं ने वेतन फाइल तैयार ही नहीं की। पूछने पर उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया, 'नहीं बन पाई फाइल।'

अब सवाल उठता है कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों और वित्तीय विभाग के आदेश के बावजूद ऐसी अवहेलना पर क्या जिला शिक्षा अधिकारी कार्यवाही करेंगे या नहीं? वहीं शुक्रवार को भी बिल ना बनने पर अब सेजेस संविदा शिक्षको एवं कर्मचारियों को अगले हफ्ते तक इंतजार करना होगा।

संविदा शिक्षकों में इस पूरे मामले को लेकर गहरा आक्रोश है। अरुण मिश्रा जी ने कहा कि 'त्योहार पर वेतन न मिलना, हमारे परिश्रम का अपमान है।' वहीं विकास तिवारी ने कहा कि 'अपने मेहनत से कमाए पैसों के लिए इस तरह तरसाना और त्यौहार खराब करना कहां तक सही है?'

## कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का कल दीपावली मिलन

**कान्यकुब्ज सांस्कृतिक भवन कौरिनभाठा राजनांदगांव में आयोजित किया जायेगा**

राजनांदगांव (दावा)। कार्यक्रम अन्नकूट के स्वरूप में आयोजित किया जायेगा। पूर्वान्ह 11.30 बजे से वरिष्ठजनों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। कार्यक्रम के समानान्तर में ही समाज के संरक्षक डॉ. अरूण शंकर दीक्षित जी के निर्देशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी जारी रहेगा जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर एवं ई. सी.जी. परीक्षण निःशुल्क किया जायेगा। बच्चों की फैंसी ड्रेस, नृत्य, क्विज, लेखन, चित्रकला एवं महिलाओं की रंगोली, श्रीफल सजाओ एवं गीत गायन प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। दोपहर बाद प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया जायेगा। प्रतिभावान विद्यार्थियों को पदक एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया जायेगा।

प्रतिभावान विद्यार्थियों में श्री प्रथम तिवारी को स्व. श्रीमती पुष्पा तिवारी द्वारा प्रदत्त स्व. श्रीमती कीर्ति तिवारी स्मृति पदक, कु. आनंदी अवस्थी को श्रीमती रानी देवी स्व. जमुना प्रसाद मिश्र द्वारा प्रदत्त श्रीमती महादेवी ज्वाला प्रसाद मिश्र स्मृति पदक एवं श्रीमती कनक स्व. विजय कुमार शुक्ल द्वारा प्रदत्त स्वर्गीय श्रीमती चंद्रभागा शुक्ला स्मृति पदक, कु. आरोही बाजपेयी को श्रीमती विमला देवी डॉ. एसपी द्विवेदी द्वारा प्रदत्त श्रीमती स्वर्गीय डॉ. शंकर प्रसाद पार्वती देवी द्विवेदी स्मृति पदक, अथर्व त्रिपाठी को स्व. जी सी बाजपेयी द्वारा प्रदत्त स्व श्याम बिहारी स्व जनक दुलारी वाजपेई स्मृति पदक, विजयंत द्विवेदी को श्रीमती विनीता प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा प्रदत डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पदक, आदित्य बाजपेयी को श्रीमती गिरिजा स्व. प्रभात कुमार छोटेलाल तिवारी द्वारा प्रदत स्व. श्रीमती रमादेवी, स्व. छोटेलाल, राम शंकर तिवारी स्मृति पदक, कु. आराध्या बाजपयी को श्रीमती सुनीता शशिकांत त्रिवेदी द्वारा प्रदत्त श्रीमती लीला देवी त्रिवेदी स्मृति पदक, कु. आराध्या दुबे को राघवेंद्र मिश्रा द्वारा प्रदत्त स्वर्गीय श्रीमती रक्षा मिश्रा स्मृति पदक, कु. साक्षी शुक्ला को श्री सचिनदेव शुक्ला द्वारा प्रदत्त स्वर्गीय श्रीमती पार्वती देवी शुक्ला स्मृति पदक, कु. नुपुर मिश्रा को श्रीमती ज्योति दीक्षित एवं श्रीमती शिखा मिश्रा द्वारा प्रदत्त स्व. श्रीमती विद्या स्व. जगतनारायण तिवारी स्मृति पदक प्रदान किये जायेंगे। कान्यकुब्ज सभा के अध्यक्ष करुणा शंकर तिवारी सचिव अजय शुक्ला एवं महिला मंडल की सचिव श्रीमती निधि बाजपेयी ने सभी विप्रजनों से कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होने की अपील की है।

## मातर उत्सव में दो पक्षों में मारपीट, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बालोद। जिले के कुर्दी गांव में मातर उत्सव के दौरान दो पक्षों में मारपीट के साथ बलवा हो गया। बताया जा रहा है कि, दो पड़ोसियों के बीच पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर टंगिए से वॉर कर दिया। वहीं बीच बचाव करने आए 2 लोग भी घायल हो गए। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामला अर्जुन्दा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, कुर्दी गांव में मातर उत्सव के दौरान दो पड़ोसियों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि स्थिति हिंसक का रूप ले लिया। इस घटना के बाद गांव पुलिस गांव के लोगों को समझा रहे थे इसी दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिस वाहन में भी तोड़फोड़ की। वहीं इस हमले में एक आरक्षक भी घायल हो गया। इस मामले पुलिस ने ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज किया।

वहीं 13 अक्टूबर को रायपुर में दो पक्षों के बीच जमकर बवाल मच गया। इस दौरान मामूली विवाद के चलते देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया।

## लोकसंस्कृति और श्रद्धा का संगम, भव्य मातर उत्सव का आयोजन पिपरिया में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



खैरागढ़ (दावा)। दीपोत्सव पर्व के पांच दिवसीय उत्सव अंतर्गत पिपरिया वार्ड क्रमांक 02 में गुरुवार 23 अक्टूबर को पारंपरिक मातर कार्यक्रम का वार्ड वासियों के व्दारा भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन वार्डवासियों के सहयोग एवं ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी से उत्साह उमंग और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम खजरी (घुमका) से आए लोक कलाकारों द्वारा गांव जोहार दोहा-नृत्य प्रस्तुति से की गई जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात परंपरा के अनुरूप गौठान में पहुंचकर खुड़हर देव और गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद धार्मिक परंपरा अनुसार कुमड़ा को गौ माताओं के झुंड के बीच फेंका गया,जिसे उनके चरणों से टूटवाने की अनोखी परंपरा के अंतर्गत वार्ड के युवाओं ने पूरे गौठान में उत्साहपूर्वक दौड़ लगाई। जब कुमड़ा टूट गया तो उसे पवित्र प्रसाद के रूप में तैयार किया गया और उपस्थित जनों में वितरित किया गया। गौठान परिसर में भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए जहाँ पुनः लोक कलाकारों ने दो घंटे तक अपनी लोकधुनों दोहों और नृत्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।। भोजनावकाश के पश्चात दोपहर 3 बजे कार्यक्रम के दूसरे सत्र की शुरुआत भव्य झांकी प्रदर्शन से हुई।

इस अवसर पर बारह मासी लोक-त्योहारों की झांकियों ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। इसके साथ ही देशभक्ति झांकी में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दृश्य दर्शाए गए। जिसने उपस्थित जनसमूह में देशप्रेम की भावना को जागृत किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में राधा-कृष्ण रासलीला एवं कृष्ण भगवान द्वारा कालिया नाग मर्दन की दिव्य झांकी का मनोहारी मंचन किया गया। इस अद्भुत प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम का समापन वार्ड के सभी मोहल्लों में विदाई जोहार यात्रा के साथ किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं और वार्डवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## खैरागढ़ के दाऊचौरा में गूंजे ढोल-मांदर के स्वर, छत्तीसगढ़ी परंपरा संग श्रद्धा-भक्ति से सम्पन्न हुआ गौरी-गौरा पर्व



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति और आस्था का प्रतीक गौरी-गौरा पर्व इस वर्ष भी शहर में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। शहर के वार्ड नंबर 17 दाऊचौरा में बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और परंपरागत रंग में मनाया गया, गौरी-गौरा का पर्व। वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी वार्डवासियों ने विधि-विधान से गौरी-गौरा की स्थापना की और पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

सुबह से ही महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गौरी-गौरा की पूजा-अर्चना की। पूजा स्थल पर हरियाली, फुलवारी और मिट्टी के सुंदर प्रतिरूपों से सजी सजीव झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। बच्चों और युवाओं ने भी इस पारंपरिक पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ढोलक, मांदर, नगाड़ा और तासे की थाप पर श्रद्धालु झूम उठे। पूरा इलाका गौरा-गौरा जय जय कारा के जयघोष से गुंजायमान रहा। वार्ड के पूर्व पार्षद व विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने सपत्नीक गौरी गौरा की पूजा-अर्चना कर आशिर्वाद प्राप्त किया। बुधवार की शाम को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गौरी-गौरा विसर्जन यात्रा निकाली गई। जिसमें वार्ड के साथ-साथ पूरे नगर के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। यात्रा में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत-संगीत और नाच-गान ने उत्सव को और रंगीन बना दिया। दाऊचौरा सहित नगर के नया टिकरापारा गोकुल नगर, बरेठपारा में शक्ति और संतोषी चौक, इतवारी बाजार, किल्ला पारा, मोंगरा, अमलीपारा सहित खैरागढ़, छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा, उदयपुर, जालबाँधा, अतरिया, पाड़ादाह व ठेलकाडीह सहित इलाके के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा एवं गौरी गौरा सहित मातर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### पुलिस प्रशासन रही एलर्ट

खैरागढ़ में इस दौरान एसपी लक्ष्य शर्मा के निर्देश व जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में टीआई अनिल शर्मा के नेतृत्व में खैरागढ़ पुलिस प्रशासन सक्रिय और मुस्तैद नजर आया। पुलिस बल ने विसर्जन मार्गों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पुलिस प्रशासन की तत्परता और सहयोग की सराहना की। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि गौरी-गौरा पर्व केवल पूजा-पाठ नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ की लोकपरंपरा, भाईचारे और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दाऊचौरा सहित नगर व खैरागढ़ जिले के ग्रामीण अंचल में यह पर्व पूरे नगर के लिए सौहार्द और भक्ति का संदेश लेकर आया।

## खेलना तो सभी चाहते किंतु स्पर्धा में एक-दो ही भाग लेते हैं-मुनि वीरभद्र



राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि खेलने की इच्छा तो सभी लोग रखते हैं किंतु कुछ लोग ही खेल पाते हैं, उसमें भी कोई प्रतियोगिता हो तो एक-दो या कुछ लोग ही भाग ले पाते हैं। लोगों को नहीं मिला तो उसकी शिकायत प्रभु से रहती है लेकिन जो मिला उसके लिए वह प्रभु को धन्यवाद नहीं देते।

जैन बगीचे में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि करोड़ों लोग रोज भूखे सोते हैं किंतु प्रभु ने मुझे सब कुछ दिया है, लोग ज्ञान नहीं होने के कारण इस पर विचार नहीं कर पाते। प्रभु से हम आत्मा के कल्याण की चीज ना मांग कर पतन की चीज मांगते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी इच्छा यदि सभी की सभी पूरी हो जाए तो दुनिया में हाहाकार मच जाए, क्योंकि हमको भी मालूम है कि हमारी इच्छाएं क्या-क्या और कैसी-कैसी हो सकती है। उन्होंने कहा कि प्रभु ने हमें योग्यता दी है।

मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने आगे कहा कि हमने अपने परमात्मा को ही नहीं पहचाना, एक बार पहचान लिया तो हमारे सारे काम अपने आप हो जाएंगे। योग्यता बिना कोई वस्तु मिल जाए तो इसका दुरुपयोग ही होगा, सदुपयोग नहीं होगा। मनुष्य भव मिल गया, देवगुरु धर्म मिल गया, बुद्धि मिल गयी और आगे चलकर देवगुरु धर्म का सानिध्य मिल गया फिर भी हम कहते हैं कि परमात्मा ने हमें कुछ नहीं दिया। छोटी-छोटी चीजों के लिए हम बहस करते हैं परंतु इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमें परमात्मा ने जो दिया है, काफी दिया और उसके लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए हमें आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ना चाहिए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।







# अनुकरणीय मिसाल- ग्राम पंचायतों की शराबबंदी मुहिम से पूरे प्रदेश में नई चेतना

राजनांदगांव(दावा)। जिले के कई गांव में सामाजिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पूर्ण शराबबंदी लागू कर दी है। इस पहल ने ना केवल सिर्फ जिले में बल्कि पूरे प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी को लेकर नहीं उम्मीद जगा दी है। पूर्ण शराबबंदी का पहल सबसे पहले ग्राम भरेंगांव, आरला, मोखला में पहले शराबबंदी की पहल हुई इसके बाद आसपास के 27 गांवो में पूर्ण शराबबंदी हुई तत्पश्चात पूरे जिले के गांव के ग्रामीणों ने यह कड़ा कदम उठाया और अब ग्रामीण शराब से पूरी तरह से आजादी चाह रहे हैं वह गांव के बिगड़ते माहौल से त्रस्त हो चुके हैं। कुछ ग्रामीणों ने शराब से आजादी पाने की दिशा में ठोस कदम भी उठाए हैं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया है कि गांव की सीमा में शराब पीने बेचने वालों पर न केवल सामाजिक कार्रवाई की जाएगी बल्कि आर्थिक दंड भी लगाया जा रहा है अगर प्रदेश के अन्य गांव भी इस राजनांदगांव मॉडल को अपनाते हैं तो छत्तीसगढ़ में जन आंदोलन के रूप में शराबबंदी को सफल बनाया जा सकता है।

## ग्राम विकास समिति भोलापुर

आज दिनांक 14/10/2025 को ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा भोलापुर में अवैध शराब क्रय-विक्रय के संबंध में निन अनुसार निर्णय लिया गया है। जो इस प्रकार है-

1. शराब बेचने वाले को 35000 रुपये।
2. शराब खरीदने वाले को 25000 रुपये।
 (गांव का हो या बाहर गांव का )
3. शराब पीकर गाली गलौज एवं लड़ाई-झगड़ा करने वाले को 11000 रुपये।
4. सार्वजनिक स्थानों पर एवं गांव के अन्दर शराब पीते पाये जाने पर 11000 रुपये।
5. बताने वाले को 5000 रुपये पुरस्कार राशि दिया जायेगा।

आनलाईन गेस जैसे फ्री-फायर एवं पजी व अन्य आनलाईन गेम ेलते पकड़ाये जाने पर 10000 रुपये राशि लिया जायेगा।
बताने वाले को 5000 रुपये पुरूस्कार राशि दिया जायेगा।
निवेदक ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्राम वासीगण भोलापुर।

## व्यापारी वर्ग ने दिया नशाबंदी को समर्थन, कहा-शांति और अनुशासन से बढ़ेगा विकास



राजनांदगांव(दावा)। आदर्श ग्राम सुरगी पुराना बस स्टैंड स्थित राठी साड़ी एवं जींस कॉर्नर के संचालक अशोक राठी ने नशाबंदी अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज सभी को कमजोर करता है। यदि हर ग्राम और शहर में पूर्ण नशाबंदी लागू हो, तो समाज में शांति, अनुशासन और आपसी सौहार्द्र का वातावरण बनेगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज से न केवल अपराधों में कमी आएगी, बल्कि युवाओं में ऊर्जा, जागरूकता और रोजगार के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। राठी ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन द्वारा चलाई जा रही नशाबंदी पहल की सराहना करते हुए कहा कि, 'नशे से दूरी ही सच्ची उन्नति का मार्ग है। जब समाज स्वस्थ और अनुशासित होगा, तभी प्रदेश और देश का विकास संभव है।' श्री राठी ने सभी नागरिकों से नशामुक्ति के इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में अपनाने की अपील की।

## ग्राम सिंघोला में पूर्ण शराबबंदी, महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक शांति को मिला बढ़ावा



राजनांदगांव(दावा)। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंघोला में हाल ही में पूर्ण शराबबंदी लागू की गई है। इस कदम को गांववासियों ने स्वागत योग्य बदलाव के रूप में देखा है। ग्राम पंचायत के दूसरी बार निर्वाचित सरपंच मुकेश साहू ने कहा कि शराबबंदी गांव के सामाजिक वातावरण को सुधारने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बेहद जरूरी था। सरपंच ने बताया कि शराब के कारण गांव में कई सामाजिक और पारिवारिक समस्याएं उत्पन्न हो रही थीं। इसलिए पंचायत ने मिलकर यह निर्णय लिया कि गांव में पूर्ण शराबबंदी लागू की जाए। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अपील की है कि वे इस नियम का पालन करें और अपने गांव को सुरक्षित और समृद्ध बनाने में सहयोग करें। गांववासियों ने भी इस कदम की सराहना की और कहा कि इससे बच्चों और महिलाओं को सुरक्षा मिलेगी और सामाजिक सुधार की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

## जनपद पंचायत सभापति पूर्णिमा कृष्णा साहू बोलीं— गांव-गांव में होनी चाहिए पूर्ण शराबबंदी, बच्चों का भविष्य सुरक्षित बने



राजनांदगांव(दावा)। जनपद पंचायत सभापति श्रीमती पूर्णिमा कृष्णा साहू ने पूर्ण शराबबंदी के विषय में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि गांव-गांव में पूर्ण शराबबंदी होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। श्रीमती साहू ने कहा कि शराबबंदी से समाज में अनुशासन बढ़ेगा, परिवार सुरक्षित रहेंगे और युवा पीढ़ी स्वस्थ वातावरण में बड़े होंगे। उन्होंने सभी ग्रामीणों से इस दिशा में सहयोग और जागरूकता बढ़ाने की अपील की। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि शराबबंदी केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि समाज सुधार और बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

## पूर्ण शराबबंदी से ही समाज में शांति और समरसता संभव - कुमार साहू



राजनांदगांव(दावा)। भोलापुर मंडल साहू समाज के अध्यक्ष कुमार साहू ने पूर्ण शराबबंदी के समर्थन में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि, 'शराब आज हमारे समाज के विघटन का प्रमुख कारण बन गई है। इससे परिवार टूट रहे हैं, युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और समाज की एकता पर भी असर पड़ रहा है।' कुमार साहू ने कहा कि यदि हम सच्चे अर्थों में एक सशक्त, संस्कारित और प्रगतिशील समाज बनाना चाहते हैं, तो पूर्ण शराबबंदी लागू करना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि शराब पर रोक लगने से घरेलू हिंसा, अपराध और सामाजिक बुराइयाँ स्वत: कम होंगी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि, 'हम सबको मिलकर नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लेना होगा। हर गांव, हर परिवार में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शराब से दूर रहने की प्रेरणा दें।'

कुमार साहू का संदेश- 'शराब छोड़ो, संस्कार जोड़ो।' 'पूर्ण शराबबंदी-स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध समाज की कुंजी।'

## ग्राम भर्रेगांव में सर्व समाज के सामूहिक निर्णय से लागू हुई पूर्ण शराबबंदी

**जनपद सदस्य मेघराज चंद्राकर ने बताया- गांव का माहौल अब शांत और अनुशासित**



राजनांदगांव(दावा)। ग्राम भर्रेगांव में सर्व समाज द्वारा सामूहिक निर्णय लेकर पूर्ण शराबबंदी लागू कर दी गई है। जनपद पंचायत सदस्य मेघराज (मेघा) चंद्राकर ने बताया कि इससे पहले गांव की गलियों में शराब कोचियों द्वारा खुलेआम शराब बेची जाती थी, जिससे गांव का माहोल खराब और असुरक्षित हो गया था। मेघराज चंद्राकर ने कहा कि, गांववासियों के सहयोग और जागरूकता से यह निर्णय लिया गया और अब गांव पूरी तरह शराबमुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण है और इससे गांव में शांति, स्वच्छता और आपसी सौहार्द्र स्थापित हुआ है। गांववासियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शराबबंदी से न केवल सामाजिक समस्याएं कम होंगी, बल्कि युवा वर्ग और बच्चों के भविष्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## नशा मुक्ति ही समाज की सच्ची समृद्धि है - जिलाध्यक्ष निर्मला जितेंद्र सिन्हा



राजनांदगांव(दावा)। जिलाध्यक्ष, महिला मंच सिन्हा समाज, राजनांदगांव ने कहा कि हमारे समाज, हमारे परिवार और हमारे आने वाले भविष्य से जुड़ा हुआ है-नशा मुक्ति। नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को बर्बादी की ओर ले जाता है। जिस घर में नशे का प्रवेश होता है, वहाँ से शांति, प्रेम और समृद्धि बाहर चली जाती है। हमें यह समझना होगा कि नशे से कभी कोई समस्या हल नहीं होती, बल्कि नई समस्याओं की शुरुआत होती है। राजनांदगांव जैसे संस्कारधानी जिले की पहचान शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक एकता से रही है। हमें यह गौरव बनाए रखना है। इसलिए आज हम सबको मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि अपने समाज को, अपने गांव-शहर को और अपने परिवार को नशे की इस बुराई से पूरी तरह मुक्त करेंगे। मैं सिन्हा समाज की ओर से सभी माता-पिता, युवाओं और बहनों से यह आग्रह करती हूँ कि अपने घरों में नशे को जगह न दें,बच्चों को सही दिशा दें और जो व्यक्ति नशे की गिरफ्त में है, उसकी मदद करें - उसे समाज से अलग नहीं करें, बल्कि सुधार की राह दिखाएं। हमारा लक्ष्य है 'हर घर में शिक्षा की ज्योति, नशे से मुक्ति की प्रगति।' आइए, मिलकर एक ऐसा समाज बनाएं जहाँ युवा नशे से नहीं, अपने कर्म और संस्कारों से पहचान बनाएं। नशामुक्त समाज ही सशक्त समाज है-और यही हमारे राजनांदगांव की पहचान बने।

## छुरिया सरपंच संघ अध्यक्ष दीनदयाल साहू बोले- क्षेत्र के हर ग्राम पंचायत में होनी चाहिए पूर्ण शराबबंदी



छुरिया (दावा)। छुरिया जनपद पंचायत के सरपंच संघ के अध्यक्ष दीनदयाल (दीनू) साहू ने क्षेत्र में पूर्ण शराबबंदी के विषय में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या को समाप्त करने और समाज में अनुशासन स्थापित करने के लिए क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में पूर्ण शराबबंदी होना आवश्यक है।

दीनदयाल साहू ने कहा कि यह कदम बच्चों और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने और गांवों में स्वस्थ वातावरण स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शराबबंदी से समाज में जागरूकता भी बढ़ेगी और लोग नशे के नुकसान को समझेंगे, जिससे सामाजिक सुधार की दिशा में मजबूत कदम उठाए जा सकेंगे। साहू ने सभी सरपंचों और ग्रामीणों से सहयोग की अपील की ताकि यह पहल पूरी तरह सफल हो सके और पूरे क्षेत्र में शराबमुक्त वातावरण स्थापित हो।

## गांव-गांव में पूर्ण शराबबंदी, महिलाओं की जागरूकता से बदल रहा समाज - जागृति चुन्नी यदु




राजनांदगांव(दावा)। जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम माथलडबरी, रेगाकठेरा, कोहका, चिचदो सहित कई अन्य ग्रामों में पूर्ण शराबबंदी लागू की गई है। इस जनजागरण अभियान को लेकर जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु ने समस्त ग्रामीणों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में लोगों की बढ़ती जागरूकता और महिलाओं की मजबूत भूमिका ने नशामुक्त समाज की दिशा में एक नया अध्याय शुरू किया है। शराबबंदी से न केवल पारिवारिक वातावरण में सुधार हुआ है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को भी नई मजबूती मिली है। श्रीमती यदु ने कहा कि यह परिवर्तन ग्रामीणों की एकजुटता, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिणाम है। उन्होंने सभी ग्राम पंचायतों से अपील की है कि वे भी इस अभियान को अपनाकर अपने गांव को शराबमुक्त ग्राम घोषित करें, ताकि पूरा जिला पूर्ण शराबबंदी की दिशा में अग्रसर हो सके। उन्होंने आगे कहा कि, अब समय है कि हर गांव एकजुट होकर 'नशा मुक्त समाज, सुरक्षित महिलाएं और स्वस्थ परिवार' की दिशा में कदम बढ़ाए। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही समाज में स्थायी परिवर्तन संभव है। 'जहां नशा खत्म, वहीं विकास शुरू — हर गांव का लक्ष्य हो शराबमुक्त समाज।'

## जागरूक महिलाओं के प्रयास से हर ग्राम पंचायत में पूर्ण शराबबंदी बनी मिसाल- गीता घासी साहू



राजनांदगांव(दावा)। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने अपने क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से लागू की गई पूर्ण शराबबंदी को हर ग्राम पंचायत के लिए प्रेरणादायक बताया। उनका कहना है कि यह पहल ग्रामीण समाज में जागरूकता फैलाने और सामाजिक सुधार को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। श्रीमती गीता घासी साहू ने बताया कि गांवों में महिलाओं ने न केवल शराबबंदी के नियमों का पालन सुनिश्चित किया, बल्कि अन्य ग्रामवासियों को भी जागरूक किया। उन्होंने पंचायत स्तर पर आयोजित बैठकों और ग्रामीण सभाओं में लोगों को शराब के दुष्प्रभाव और इसके रोकथाम के उपायों के बारे में बताया। महिलाओं के सक्रिय योगदान के कारण गांवों में बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार हुआ है, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है और गांवों में सामाजिक शांति कायम हुई है। पूर्व अध्यक्ष ने सभी ग्रामवासियों से अपील की कि वे इस अभियान में सहयोग दें और अपने गांव को नशामुक्त बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास करें।'पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू महिलाओं के साथ ग्रामीण सभा में शराबबंदी के बारे में चर्चा करती रही है।' गीता घासी साहू ने अन्य ग्राम पंचायतों से भी इस मॉडल को अपनाने का आग्रह किया, ताकि पूरे क्षेत्र में नशामुक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा, 'जागरूक महिला शक्ति समाज सुधार का सबसे बड़ा स्तंभ है।'

## पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के गोदग्राम में सरपंच सुग्रीव साहू और ग्रामीणों के सहयोग से लागू हुआ निर्णय



राजनांदगांव(दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह के गोद ग्राम आदर्श ग्राम सुरगी में पूर्ण शराबबंदी सफलतापूर्वक लागू की गई। इस पहल में ग्राम पंचायत के सरपंच सुग्रीव साहू एवं पूरे गांव के ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से सहयोग दिया। सरपंच सुग्रीव साहू ने बताया कि यह कदम समाज सुधार और गांव के आदर्श विकास की दिशा में महत्वपूर्ण है। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से अब सुरगी गांव का वातावरण शांत, अनुशासित और आदर्शमय हो गया है। गांववासियों ने भी इस पहल का स्वागत किया और कहा कि शराबबंदी से सामाजिक सौहार्द्र बढ़ेगा, युवा वर्ग सुरक्षित रहेगा और बच्चों के भविष्य पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

## नशा एक व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार को खोखला कर देता है - अंजली घावडे



छुरिया(दावा)। जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती अंजली रामगुलाल घावडे ने नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 'नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार को अंदर से खोखला कर देता है।'

उन्होंने कहा कि आज समाज में नशे की लत ने कई घरों की खुशियाँ छीन ली हैं। नशे में लिप्त व्यक्ति अपने स्वास्थ्य, परिवार, आर्थिक स्थिति और सामाजिक सम्मान—चारों चीजों को धीरे-धीरे खो देता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर अपने जीवन को एक नई दिशा दें।

श्रीमती घावडे ने आगे कहा कि यदि हर परिवार अपने घर से नशामुक्ति की पहल करे तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित है। उन्होंने महिलाओं से भी आग्रह किया कि वे अपने परिवार में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाएँ और मिलजुलकर नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।

## सुरगी आदर्श ग्राम बना शराबमुक्त, कमलेश साहू बोले- यह गांव के लिए ऐतिहासिक कदम



राजनांदगांव(दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के गोद ग्राम आदर्श ग्राम सुरगी में पूर्ण शराबबंदी सफलतापूर्वक लागू कर दी गई है। इस पहल में ग्राम पंचायत के सरपंच सुग्रीव साहू और सभी ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग दिया।

ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश साहू ने इस निर्णय पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह कदम समाज सुधार और गांव के आदर्श विकास की दिशा में ऐतिहासिक है। उन्होंने ग्रामीणों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि शराबबंदी से गांव का माहौल शांत, अनुशासित और आदर्शमय हुआ है। कमलेश साहू ने आगे बताया कि यह पहल बच्चों और युवाओं के भविष्य के लिए भी सकारात्मक प्रभाव डालेगी और समाज में नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों को मजबूत करेगी। ग्रामीणों ने भी इस कदम का स्वागत करते हुए इसे गांव के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

## नशा नाश की जड़ है, इसे जड़ से मिटाना ही सच्ची जीत-श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर

**महिलाओं को किया जागरूक, कहा-पूर्ण शराबबंदी से ही बनेगा सुखी व सुरक्षित समाज**



राजनांदगांव(दावा)। जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने पूर्ण शराबबंदी अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि 'नशा नाश की जड़ है, इससे व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों बर्बाद हो जाते हैं।' उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति हैं, और जब महिलाएं नशा मुक्ति की दिशा में एकजुट होंगी तो गांव-गांव में स्वस्थ वातावरण स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि पूर्ण शराबबंदी केवल कानून का पालन नहीं, बल्कि यह सामाजिक सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। हर परिवार को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे नशे के किसी भी रूप से दूर रहेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। श्रीमती चंद्राकर ने युवाओं से भी अपील की कि वे नशे के जाल से बचकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें। उन्होंने कहा कि नशा त्यागने से व्यक्ति का मन, परिवार और समाज तीनों में नई ऊर्जा का संचार होता है।

## ग्राम आरला की सरपंच साधना राहुल साहू बोलीं - नशामुक्त समाज ही खुशहाल समाज की पहचान



राजनांदगांव(दावा)। ग्राम पंचायत आरला के आश्रित ग्राम बुचीभरदा की सरपंच श्रीमती साधना राहुल साहू ने नशामुक्त समाज की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि 'नशे से केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरा परिवार प्रभावित होता है।' उन्होंने कहा कि शराबबंदी से समाज में सुधार, परिवारों में शांति और जीवन में खुशहाली संभव है। सरपंच साधना साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा हर तरह से जीवन को कमजोर बनाता है—आर्थिक, सामाजिक और मानसिक रूप से। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में जागरूकता फैलाकर शराबबंदी को सफल बनाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत आरला में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से नशे के खिलाफ एकजुट होकर कदम बढ़ाया जा रहा है। महिलाएं अब परिवार और समाज में जागरूकता लाने की भूमिका निभा रही हैं ताकि आने वाली पीढ़ियां नशे से दूर रहकर अपने सपनों को साकार कर सकें। श्रीमती साहू ने सभी ग्रामवासियों से अपील की कि वे इस मुहिम में सहयोग दें और नशे से पूरी तरह मुक्ति पाकर खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान दें।






संकलनकर्ता
**रूपेंद्र साहू**
ग्राम आरला,
पोस्ट सुरगी,
जिला-राजनांदगांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com